उज्जैन
रविवार
20
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-317
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ जेन-जी स्टूडेंट्स के प्रोफेसर बने राहुल, 1 घंटे की क्लास
7 ▸ बांग्लादेश से पिछले 9 मैच नहीं हारा भारत



### एकता कपूर के इवेंट में

## एक ही फ्रेम में नजर आए गौरव खन्ना और आकांक्षा चमोला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

टीवी इंडस्ट्री के चर्चित चेहरों में शुमार गौरव खन्ना और उनकी पत्नी आकांक्षा चमोला के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हाल ही में निमार्ता एकता कपूर के घर आयोजित एक इवेंट से दोनों का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक ही फ्रेम में तो नजर आ रहे हैं, लेकिन एक-दूसरे से पूरी तरह दूरी बनाए हुए हैं। पैपराजी 'वायरल भयानी' द्वारा शेयर किए गए इस क्लिप में गौरव खन्ना और आकांक्षा चमोला मेहमानों की भीड़ के बीच एक-दूसरे से महज कुछ फीट की दूरी पर खड़े नजर आ रहे हैं। एक ही जगह और फ्रेम में होने के बावजूद दोनों ने न तो आपस में कोई बातचीत की और न ही एक-दूसरे की तरफ देखा। दोनों अपने-अपने दोस्तों और अन्य मेहमानों के साथ बातचीत में व्यस्त दिखे। इस छोटे से पल को देखने के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों के बीच कड़वाहट और दूरी अब सार्वजनिक रूप से भी साफ झलकने लगी है। यह वायरल वीडियो ऐसे समय में आया है जब कुछ ही हफ्तों पहले आकांक्षा चमोला ने रिएलिटी शो 'लॉक अप: सच या सजा 2' के दौरान अपनी शादी टूटने का आधिकारिक खुलासा किया था। आकांक्षा ने बताया था कि वे दोनों पिछले एक साल से अधिक समय से अलग रह रहे हैं और उनके बीच तलाक की प्रक्रिया चल रही है। आकांक्षा के मुताबिक, रिश्ते में अलगाव की सबसे मुख्य वजह बच्चे पैदा करने को लेकर दोनों के अलग-अलग विचार थे।

### देश

- **अजीत अगरकर** का बीसीसीआई को पत्र, चयन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश, पार्थिव पटेल बन सकते हैं नए चीफ सिलेक्टर
- रायपुर में बड़ा जीएसटी फर्जीवाड़ा, चाय वाले, मजदूर और मृत व्यक्ति के नाम पर बनाईं 10 फर्जी फर्में, अमन अग्रवाल पर एफआईआर दर्ज
- **5 अक्टूबर से** मध्य प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर 2000 रुपये से अधिक का यूपीआई भुगतान बंद
- **यूपी एटीएस** ने 30 लाख का इनामी नक्सली ढेर किया, 8 साल से एनआईए को तलाश थी, काशी में कमांडो ने घेरा तो फायरिंग की
- **लखनऊ** से सटे सीतापुर में पुल डूबे, सड़कें जलमग्न, महोबा में 6 डैम ओवरफ्लो, यूपी में 3 दिन बाद फिर बरसेगा मानसून
- **दिल्ली एसआईआर-**केजरीवाल समेत कई नेताओं को चुनाव आयोग का नोटिस, सीएम रेखा की उम्र में गड़बड़, केजरीवाल का नाम पुराने एसआईआर से लिंक नहीं

### विदेश

- **अमेरिका** ने मिडिल-ईस्ट में दूतावासों को अलर्ट भेजा, ट्रम्प छुट्टी खत्म होने से पहले व्हाइट हाउस लौटे, दावा- अमेरिकी विमान ब्रिटिश एयरबेस से रवाना हुए
- **पाकिस्तान** का विदेशी मुद्रा भंडार 3 साल में 7 गुना, 3 से 26 अरब डॉलर पहुंचा, इसमें कमाई कम, कर्ज ज्यादा
- **रियाद एयरपोर्ट** के पास काला धुआं उठा, हूती विद्रोहियों ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, सऊदी की राजधानी में जारी हुआ रेड अलर्ट
- **ट्रम्प ने कहा-** अमेरिका में अब एआई फोर्स बनेगी, ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की निगरानी करेगी, 2019 में स्पेस फोर्स की भी घोषणा की थी

### व्यापार

- **सिलेंडर** एलपीजी सिलेंडर के लिए 1 अक्टूबर से ईकेवायसी अनिवार्य, गूगल के अकमॉडल जेमिनाई ने 3 वेबसाइट्स हैक कीं, चांदी इस हफ्ते 7988 रुपये महंगी
- **चांदी** इस हफ्ते 7988 रुपये महंगी, 2.37 लाख रुपये पर आई, सोना 1789 रुपये बढ़कर 1.54 रुपये पर आया

### कार्टून..




### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने गिनाए सहयोगियों के नाम, बोले-

# विरोधियों ने ही राहुल के कार्यक्रम को बना दिया सुपरहिट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल/इन्दौर**

राहुल गांधी के इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की एक पोस्ट चर्चा में है। दिग्विजय सिंह ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कार्यक्रम की सफलता का श्रेय उन लोगों और संस्थाओं को दिया, जिनके फैसलों और बयानों से कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक माहौल बना। उन्होंने पोस्ट की शुरूआत आभार! करो दोनों हाथ उठाकर जोरदार अभिनंदन! से की।

दिग्विजय सिंह ने सबसे पहले नगर निगम और जिला प्रशासन का उल्लेख करते हुए लिखा कि नेहरू स्टेडियम की अनुमति खारिज किए जाने से कांग्रेस को रीजनल पार्क के सामने खुले मैदान में कार्यक्रम करने का अवसर मिला। राहुल गांधी का कार्यक्रम अंततः रीजनल पार्क के सामने आईडीए की जमीन पर हुआ। इस जमीन के तीन दिन के अस्थायी उपयोग के लिए कांग्रेस ने 10.08 लाख रुपये जमा किए थे। बाद में निर्धारित अवधि से पहले जमीन के उपयोग को लेकर आईडीए ने करीब 4.03 लाख रुपये अतिरिक्त जमा करने को कहा, जिसे लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी हुए।

दिग्विजय सिंह ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने विजयवर्गीय के कार्यक्रम को लेकर दिए गए बयानों का जिक्र करते हुए लिखा कि इन बयानों से कार्यक्रम को व्यापक प्रचार मिला। इसी तरह भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा द्वारा कार्यक्रम को लेकर रखी गई कुछ शर्तों का भी उन्होंने व्यंग्यात्मक उल्लेख किया।

पोस्ट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी दिग्विजय सिंह ने निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा कि मुख्यमंत्री के बयानों से कार्यक्रम को लेकर चर्चा और बढ़ी तथा राहुल गांधी के इंदौर आने का मुद्दा सुर्खियों में रहा।

दिग्विजय सिंह ने आईडीए की जमीन के लिए जमा कराई गई राशि का भी उल्लेख करते हुए लिखा कि 12 हजार वर्गमीटर जमीन के तीन दिन के उपयोग के लिए 10.08 लाख रुपये जमा कराना पड़ा। यह राशि आईडीए द्वारा निर्धारित अस्थायी लीज शुल्क के रूप में ली गई थी। पोस्ट में इंदौर पुलिस द्वारा कार्यक्रम के लिए रखी गई 31 सुरक्षा शर्तों का भी जिक्र है। पुलिस ने इन शर्तों को सुरक्षा व्यवस्था से जोड़ते हुए लागू किया था और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या तथा वर्मा आयोग की सिफारिशों का संदर्भ भी सामने आया था। दिग्विजय सिंह ने रात में लगाए गए झूठ की गूंज पोस्टरों को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने लिखा कि इन पोस्टरों ने कार्यक्रम को लेकर शहर में पहले से ही माहौल बना दिया। हालांकि इन पोस्टरों को किसने लगाया, इसकी पुष्टि उनकी पोस्ट में भी नहीं की गई है।

- दिग्विजय सिंह ने अंत में व्यंग्य करते हुए लिखा कि यदि प्रशासनिक अड़चनें, नेताओं के बयान, शुल्क और पोस्टर जैसी घटनाएं नहीं होतीं तो कार्यक्रम भी सामान्य आयोजनों की तरह आता-जाता। उनके अनुसार इन घटनाक्रमों ने मिलकर कार्यक्रम को इतना चर्चित बना दिया कि विरोधी खेमे के लोग भी अप्रत्यक्ष रूप से उसके प्रचार में योगदान देते नजर आए।
- राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम 19 सितंबर को इंदौर में हुआ, जिसमें शिक्षा, भर्ती, बेरोजगारी और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर छात्रों से संवाद किया गया। कार्यक्रम से पहले स्थल और अनुमति को लेकर कांग्रेस तथा भाजपा के बीच राजनीतिक बयानबाजी भी हुई थी।

### इंदौर में गूंजी छात्रों की आवाज

# राहुल गांधी के सामने खुलकर सामने आए शिक्षा और रोजगार के सवाल...

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में शनिवार को कांग्रेस के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार, भर्ती परीक्षाओं और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रीजनल पार्क के सामने स्थित आईडीए मैदान में विद्यार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम के लिए करीब 15 हजार विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का स्वरूप पारंपरिक राजनीतिक सभा से अलग रखा गया। राहुल गांधी ने छात्रों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। विद्यार्थियों ने एमपीपीएससी, भर्ती परीक्षाओं में देरी, पेपर लीक, सरकारी पदों पर नियुक्ति, बेरोजगारी, छात्रवृत्ति, नर्सिंग शिक्षा और हॉस्टल की समस्याओं को सामने रखा।



#### सवाल पूछता है छात्र, इसलिए सिस्टम को खतरा

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र स्वभाव से सवाल पूछता है और व्यवस्था से जवाब मांगता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा व्यवस्था सवाल पूछने वाले छात्रों के बजाय ऐसे लोगों को पसंद करती है जो सवाल न करें। इसी संदर्भ में उन्होंने अंधभक्त शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने शिक्षा को छात्रों पर कोई एहसान नहीं बल्कि उनका अधिकार बताते हुए स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय और फिर रोजगार तक की पूरी व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत बताई। अपने भाषण में उन्होंने शिक्षा बजट, छात्रवृत्ति, शिक्षकों के रिक्त पद और रोजगार के अवसरों का भी उल्लेख किया।

- **बाहर स्क्रीन पर भी जुटे छात्र-** कार्यक्रम स्थल की क्षमता के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी अंदर प्रवेश नहीं कर सके। बाहर लगाए गए स्क्रीन पर छात्रों ने कार्यक्रम देखा। इस दौरान अंदर मंच पर छात्रों के सवाल चलते रहे और बाहर भी बड़ी संख्या में युवा कार्यक्रम से जुड़े रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री भी की गई, जिसे लेकर बाद में राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कार्यक्रम पर टिप्पणी की, जबकि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कार्यक्रम को लेकर अपनी आपत्ति जताई और कहा कि मध्यप्रदेश के विकास पर तथ्यों के साथ बात होनी चाहिए।
- **छात्रों के मुद्दे बने राजनीतिक संवाद का केंद्र-** इंदौर का छात्रों की गूंज कार्यक्रम ऐसे समय हुआ है जब प्रतियोगी परीक्षाओं, भर्ती प्रक्रिया, रोजगार और उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दे मध्यप्रदेश के युवाओं के बीच लगातार चर्चा में हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी व्यक्तिगत परेशानियों के साथ व्यवस्था से जुड़े सवाल भी उठाए। राहुल गांधी ने इन्हीं सवालों को आधार बनाकर शिक्षा और रोजगार की व्यवस्था पर सरकार को घेरा। इस तरह इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर राहुल गांधी और सामने छात्र थे, लेकिन चर्चा का केंद्र राजनीति से ज्यादा छात्रों के भविष्य, पढ़ाई, परीक्षा और रोजगार के सवाल बने।

#### एमपीपीएससी से लेकर नर्सिंग तक छात्रों ने रखी पीड़ा

कार्यक्रम में एक छात्र ने एमपीपीएससी की परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रिया में देरी का मुद्दा उठाया। छात्र का कहना था कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते-करते कई अभ्यर्थी उम्र सीमा पार कर रहे हैं। वहीं भर्ती परीक्षाओं में चयन के बावजूद नियुक्ति नहीं मिलने की समस्या भी सामने रखी गई। नर्सिंग की एक छात्रा ने अपनी पढ़ाई में हो रही देरी की बात रखते हुए बताया कि 2020 में प्रवेश लेने के बावजूद 2026 तक वह तीसरे वर्ष में ही है। छात्रों ने हॉस्टल की कमी, बढ़ते किराये और पढ़ाई के बढ़ते खर्च को लेकर भी सवाल उठाए।

### दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रेसिडेंट-सेक्रेटरी पद एबीवीपी को

# 17 साल बाद कोई निर्दलीय भी जीता

## उपाध्यक्ष पद पर उसे सबसे ज्यादा 30 हजार+ वोट मिले

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तीन पदों पर जीत हासिल की। एबीवीपी के यश डबास अध्यक्ष बने हैं। वहीं रिया छावड़ी को सचिव और लक्ष्यराज सिंह को संयुक्त सचिव पद पर जीत मिली।

उपाध्यक्ष पद निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने जीता। उन्हें 30 हजार से ज्यादा वोट मिले। पिछले 17 सालों में यह पहली बार है जब डीयूएसयू के केंद्रीय पैनल में कोई निर्दलीय उम्मीदवार जीता हो। इससे पहले 2009 में निर्दलीय मनोज चौधरी और 1991 में निर्दलीय राजीव गोस्वामी डीयूएसयू अध्यक्ष बने थे। कांग्रेस के स्टूडेंट विंग एनएसयूआई को एक भी पद हासिल नहीं हुआ। डीयूएसयू चुनाव के लिए शुक्रवार को 52 कॉलेजों में मतदान हुआ था। इसमें 40.46% वोटिंग हुई और 1,51,519 छात्रों में से 61,312 ने मतदान किया।

**शौकीन के पिता बस कंडक्टर, मां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-** शौकीन दिल्ली के पीरागढ़ी के रहने वाले हैं। उनके पिता बस कंडक्टर हैं और मां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने भगत सिंह कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है। उनके पिता चाहते थे कि वह यूपीएससी की तैयारी करें, लेकिन शौकीन छात्र राजनीति में आना चाहते थे।

**निर्दलीय दीपांशु की जीत ने दिखाया आईना-** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव में चारों केंद्रीय सीटों पर वापसी की कोशिश कर रही एनएसयूआई का चुनावी गणित आपसी कलह और बगावत ने बिगाड़ दिया। टिकट बंटवारे से नाराज दावेदारों के मैदान में उतरने का सीधा असर संगठन के प्रत्याशियों पर पड़ा। नतीजा यह रहा कि एनएसयूआई एक भी केंद्रीय सीट अपने नाम नहीं कर सकी। सबसे बड़ा उलटफेर उपाध्यक्ष पद पर हुआ, जहां एनएसयूआई से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय मैदान में उतरे दीपांशु शौकीन ने जीत दर्ज कर संगठन को बड़ा झटका दिया।

### सड़कों पर 16 लाख करोड़ खर्च

## भारत में कार की औसत स्पीड 13 किमी/घंटा ही बढ़ी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

सरकार ने पिछले 12 वर्षों में हाईवे नेटवर्क पर करीब 16 लाख करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन वाहनों की रफ्तार में बहुत ज्यादा सुधार नहीं हुआ। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से संसद में पेश आंकड़ों और नीति आयोग की लॉजिस्टिक्स रिपोर्ट के अनुसार, 2014 में नेशनल हाईवे पर कारों की औसत रफ्तार 45 किमी/घंटा थी। 2026 में यह 52 से 58 किमी/घंटा के बीच है। यानी अधिकतम 13 किमी/घंटा ही बढ़ी। ट्रकों की औसत रफ्तार तो केवल 2 किमी/घंटा ही बढ़ी है। 100 किमी की यात्रा में कार से करीब 10 मिनट ही बचते हैं। इस निर्माण के लिए 12 साल में एक करोड़ से अधिक पेड़ भी काटे गए। स्टेट हाईवे जोड़ें तो संख्या 1.5 करोड़ से ज्यादा है।

### मुंबई में भीषण सड़क हादसा

## बीएमडब्ल्यू दुर्घटनाग्रस्त तीन लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार तड़के हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसा करीब सुबह 5:20 बजे लोटस जेट्टी के पास हुआ। बीएमसी के अनुसार, एक बीएमडब्ल्यू कार मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। इसी दौरान कथित तौर पर तेज रफ्तार के कारण चालक ने कार पर नियंत्रण खो दिया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कार में सवार सभी चार लोगों को नायर अस्पताल ले जाया गया। इनमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के अनुसार, हादसे की घटना 20 सितंबर की सुबह करीब 5:20 बजे हुई।

### रेलवे स्टेशन पर 28 दिन चलेगा विशेष सफाई अभियान

# गंदगी फैलाने पर लगेगा 1 हजार रुपए जुर्माना, वेंडर-हॉकर्स को भी जिम्मेदारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रेलवे स्टेशन और प्लेटफार्मों को स्वच्छ रखने के लिए रेलवे ने उज्जैन स्टेशन पर विशेष सफाई अभियान शुरू किया है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार के दौरे के बाद स्टेशन परिसर में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे का यह अभियान लगातार 28 दिनों तक चलेगा। इस दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, यात्री प्रतीक्षालय सहित अन्य स्थानों पर नियमित सफाई के साथ स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी की जाएगी।

रेलवे ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई भी सख्त कर दी है। अब रेलवे परिसर में गंदगी फेंकने या फैलाने पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इससे पहले इस तरह की लापरवाही पर 500 रुपए का जुर्माना निर्धारित था। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए यात्रियों से भी सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार ने बताया कि पहले रेलवे परिसर में गंदगी करने पर 500 रुपए का जुर्माना वसूला जाता था। अब इसे बढ़ाकर एक हजार रुपए कर दिया गया है। यदि संबंधित व्यक्ति मौके पर जुमार्ने की राशि जमा नहीं करता है तो मामला न्यायालय में पहुंचने पर यह राशि दो हजार रुपए तक हो सकती है।

#### वेंडर और हॉकर्स की भी जिम्मेदारी तय

स्टेशन परिसर में खाद्य सामग्री और अन्य सामान बेचने वाले वेंडर तथा हॉकर्स को भी स्वच्छता व्यवस्था में भागीदार बनाया गया है। रेलवे ने उन्हें अपने कार्यस्थल के आसपास डस्टबिन रखने और उससे निकलने वाले कचरे के उचित निस्तारण की जिम्मेदारी दी है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि बिक्री के बाद बचा कचरा प्लेटफार्म या परिसर में इधर-उधर न फैले। रेलवे के 28 दिवसीय अभियान के दौरान स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी के साथ नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए रेलवे की ओर से सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अभियान के जरिए स्टेशन को स्वच्छ रखने के साथ यात्रियों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### रेलवे संपत्ति पर लिखने पर भी रोक

स्वच्छता अभियान के साथ रेलवे संपत्ति को सुरक्षित रखने पर भी जोर दिया जा रहा है। उचित अनुमति के बिना ट्रेन के डिब्बों, रेलवे भवनों अथवा अन्य रेलवे संपत्ति पर पोस्टर चिपकाना, लिखना या चित्र बनाना प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे मामलों में भी रेलवे नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।

## ज्वेलरी शॉप से पाकिस्तानी झंडे और एके-47 बरामद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुंछ**

जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में पुलिस ने एक बड़ी साजिश का भंडाफोड़ किया है। नगर के सबसे सुरक्षित और व्यस्त माने जाने वाले मुख्य बाजार में ज्वेलरी की एक दुकान से एके-47 राइफल के कारतूस, पाकिस्तानी मुद्रा, पाकिस्तानी पोस्टर और झंडे बरामद हुए। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है। खुफिया एजेंसियों से मिले पुख्ता इनपुट पर पुलिस ने शुक्रवार रात करीब 8 बजे मुख्य बाजार की अकाली गुरुद्वारा गली में स्थित ज्वेलरी शॉप पर दबिश दी थी।

कार्रवाई के दौरान फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम और मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार मौजूद रहे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह दुकान मोहल्ला खोड़ीनाड निवासी देविंद्र सिंह की है। पुलिस ने दुकान में ने रात करीब 10 बजे तक सघन तलाशी ली। इसमें दुकान के भीतर से एके-47 राइफल के 5 कारतूस, पाकिस्तानी मुद्रा के 105 रुपये, 30 पाकिस्तानी पोस्टर और 2 पाकिस्तानी झंडे बरामद किए गए। पुलिस ने सारा सामान अपने कब्जे में लिया लिया। पुंछ थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

पुंछ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) की निगरानी में इस पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए जांच चल रही है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद गोलियां और पाकिस्तानी सामग्री शहर के मुख्य बाजार की उस दुकान तक कैसे और कहां से पहुंची।



## गणेश गैलरी



पीपलीनाका पर विराजित विशाल गणेश प्रतिमा योगी रूप मे।

## अपनेतक

### छात्रों की गूंज या राजनीति की गूंज?

इंदौर में राहुल गांधी का ह्यछात्रों की गूंजह्व कार्यक्रम कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा। मंच पर भाषण कम और छात्रों के सवाल ज्यादा सुनाई दिए। टढढरउ की परीक्षाओं में देरी, भर्ती प्रक्रिया, नर्सिंग की पढ़ाई में वर्षों की देरी, पेपर लीक, रोजगार और हॉस्टल जैसी समस्याओं ने यह सवाल जरूर खड़ा किया कि आखिर पढ़ाई पूरी करने के बाद युवा जाएगा कहां? कार्यक्रम में छात्रों की ओर से सामने आई परेशानियां केवल राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं, बल्कि हजारों परिवारों से जुड़े सवाल हैं।

लेकिन इस कार्यक्रम का दूसरा पहलू भी है। छात्रों की समस्याओं के बीच राजनीति स्वाभाविक रूप से प्रवेश कर गई। राहुल गांधी ने ह्यसिस्टमह्व पर सवाल उठाए और छात्रों के सवाल पूछने के अधिकार को लोकतंत्र के लिए जरूरी बताया। दूसरी ओर, उनके संबोधन में केंद्र और राज्य की राजनीति पर तीखे हमले भी दिखाई दिए। यानी मंच छात्रों का था, लेकिन उसके पीछे राजनीति की परछाईं भी साफ नजर आई।

सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि राहुल गांधी ने क्या कहा और सरकार ने उसका क्या जवाब दिया। असली सवाल यह है कि जिस छात्र ने वर्षों तक परीक्षा की तैयारी की, फीस भरी और परिणाम का इंतजार किया, उसके समय की कीमत कौन लौटाएगा? जिस नर्सिंग छात्र ने 2020 में प्रवेश लिया और 2026 तक डिग्री पूरी नहीं कर पाया, उसके छह साल का हिसाब कौन देगा? ऐसे सवालों का जवाब न भाषण से मिलेगा और न नारे से। जवाब व्यवस्था को समय पर परीक्षा, समय पर परिणाम और समय पर नियुक्ति देकर देना होगा।

राजनीतिक दलों के लिए छात्रों की भीड़ और तालियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं, लेकिन छात्रों के लिए उनका भविष्य उससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। छात्रों की गूंज तभी सार्थक होगी, जब वह मंच से निकलकर नीति, परीक्षा व्यवस्था और रोजगार की जमीन तक पहुंचे।

इंदौर ने कम से कम इतना तो साफ कर दिया कि युवा केवल भाषण सुनने वाला वर्ग नहीं है। वह सवाल पूछना चाहता है। अब इन सवालों के जवाब कौन देता है—यह आने वाला समय बताएगा।

### 2027 में भारत को मिल सकती है वीटो पावर, विश्वगुरु बनने का भी योग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री धरणीपुत्र धार्मिक सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित गगार्चार्य जयंती समारोह में मेवाड़ के प्रसिद्ध ज्योतिर्विद पं. गिरवर गोपाल गर्ग ने भारत के भविष्य को लेकर बड़ा ज्योतिषीय अनुमान व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी गणनाओं के आधार पर बताया कि 7 फरवरी से 25 जुलाई 2027 के बीच देश में महत्वपूर्ण परिवर्तन होंगे। पं. गर्ग के अनुसार, इस छह महीने की अवधि में भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति करेगा। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को वीटो पावर मिलने की भी प्रबल संभावना बन रही है। कार्यक्रम में महंत अमर भारती और पं. दीपक तिवारी सहित कई संत, विद्वान और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर महंत अमर भारती ने आयोजन की सराहना करते हुए पं. गर्ग को शुभकामनाएं दीं।

### मालवा दर्पण संस्था के दूसरे स्थापना दिवस पर हरसोदन में आयोजन, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने की घोषणा

**उज्जैन।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था के द्वितीय स्थापना दिवस पर 18 सितंबर को ग्राम हरसोदन में रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र की 100 से अधिक बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेता कलाकारों को संस्था द्वारा नकद पुरस्कार, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में ग्राम हरसोदन की नंदनी, प्राची और श्रुति की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ताजपुर गांव की वेदिका, सलोनी, कनिष्ठा, महिमा और निधि की टीम द्वितीय तथा ग्राम देरखेड़ी की आयुषी, प्रियंका, वर्षा, कोमल और पायल की टीम तृतीय स्थान पर रही।

### प्राचीन तपोभूमि का विस्तार महाकाल वन से भैरवगढ तक माना जाता है

# देवी के आंगन मे दुर्लभ गणेश- चौसठ योगिनी मंदिर मे अद्भुत गणेश

ब्रह्मास्त्र ›› पं राहुल शुक्ल, उज्जैन

बाबा महाकालेश्वर को कालों के काल कहा जाता है। जिस धरा पर स्वयं काल को थामनेवाला हो वहां तंत्र साधना सफल होने की पूरी संभावना मानी जाती है अतः प्राचीन काल से ही उज्जयिनी तंत्र साधना स्थली रही है। इस प्राचीन तपोभूमि का विस्तार महाकाल वन से भैरवगढ तक माना जाता है। इसी क्षेत्र मे अतिप्राचीन मंदिर विद्यमान हैं। उज्जैन एकमात्र ऐसा शहर है जहां शिव के साथ शक्ति भी हैं। देवी के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों मे यहां हरसिद्धि माता मंदिर, गढकालिका मंदिर व चौसठ योगिनी मंदिर हैं। पुरानी बस्ती नयापुरा की गली मे स्थित चौसठ योगिनी मंदिर तो तंत्र की दृष्टि से बडा ही महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। मंदिर मे दूर दूर से साधक व तंत्र के ज्ञाता नवरात्रि के दौरान आते रहते हैं। चौसठ योगिनी मंदिर के अंदर वर्तमान में देवी के सिर्फ आठ विग्रह ही दिखते हैं।



### मंदिर के पार्श्व मे गणेश

चौसठ योगिनी की परिक्रमा करने मे देवी की पीठ पर गणेशजी की अति दुर्लभ मूर्ति के दर्शन होते हैं। गणेशजी की खडी मुद्रा की मूर्ति मे उनकी पांच सूंड व दस हाथ हैं। सभी हाथों मे अलग अलग आयुध हैं। आश्चर्य तो तब होता है जब गणेशजी का मुख तो एक ही नजर आता है किन्तु सूंड पांच हैं। मध्यवाली सूंड की दोनो तरफ दो- दो सूंड हैं। कालेज पाषाण से निर्मित गणेशजी की ये दुर्लभ मूर्ति सभी को आकर्षित व रोमांचित करती है।

### हेरम्ब गणपति से काफी मिलती - जुलती

पौराणिक ग्रंथों मे गणेशजी के 32 विविध रूप बताए गए हैं। ध्यान व श्लोकों मे भी गणेश के 32 नामों का वर्णन है। इसमें ग्यारहवे क्रम के गणेश का हेरम्ब नाम है। हेरम्ब गणपति की पांच सूंड हैं और दस हाथ हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि शिल्पी ने हेरम्ब गणपति के स्वरूप मे ही इस मूर्ति को बनाया है।




### तंत्र मे गणेश महत्वपूर्ण

प्रथम पूज्य देव गणेश ही हैं। प्रथमेश की आराधना के बगैर कोई भी वैदिक अनुष्ठान या साधना पूरी नहीं हो सकती इसलिए गणेशजी की पूजन सर्वप्रथम की जाती है। तंत्र की सफलता आसान नहीं और प्रत्येक तांत्रिक की इच्छा होती है कि साधना सफल हो। अनुमान ये लगाया जा रहा है कि चौसठ योगिनी का आह्वान करने से पूर्व तांत्रिक गणेशजी के हेरम्ब रूप की पूजन करते रहे हों ताकि उन्हे अभिष्ट की प्राप्ति हो। शायद इसी प्रयोजन से देवी चौसठ योगिनी के पार्श्व मे गणेशजी का हेरम्ब रूप है। मंदिर के पुजारी पं मनीष व्यास का कहना है कि गणेशजी के इस रूप के विषय मे कोई ठोस जानकारी तो नहीं है किन्तु मंदिर अतिप्राचीन है और तंत्र नगरी मे चौसठ योगिनी तंत्र साधना का केन्द्र पुराने समय से रहा है तो ये गणेश तांत्रिक गणेश ही हैं। पुरातत्वविद् विष्णु वाकणकर भी इस गणेश मूर्ति से काफी रोमांचित हुए थे किन्तु वे भी इसके काल की गणना नहीं कर पाए क्योंकि मूर्ति मंदिर की दीवार में लगी हुई है। पुरातन शहर मे विद्यमान ऐसी दुर्लभ मूर्तियां सभी को रोमांचित करती हैं।

### 10 माह से नहीं खुले पदोन्नति के लिफाफे, विक्रम विवि के शिक्षकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक से सह-आचार्य पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी होने के 10 माह बाद भी लिफाफे नहीं खोले जाने से शिक्षकों में भारी आक्रोश है। शनिवार 19 सितंबर को शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. कनिया मेड़ा के नेतृत्व में आयोजित आपातकालीन बैठक में इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस मुद्दे पर 21 सितंबर को सुबह 11 बजे शिक्षक कुलगुरु से भेंट कर तत्काल प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह करेंगे। बैठक में विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं और शैक्षणिक पदों को युक्तियुक्तकरण के दायरे में लाने के विषय पर भी कड़ी आपत्ति जताई गई। संघ ने निर्णय लिया है कि शैक्षणिक हितों की रक्षा के लिए इस मामले से राज्यपाल को अवगत कराकर उनके उचित हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। शिक्षकों ने प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे असम्मानजनक व्यवहार की शिकायतों पर भी गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए प्रशासन और शिक्षकों के बीच संवाद व सम्मानजनक कार्य-संस्कृति अत्यंत आवश्यक है। संघ ने मांग की है कि ऐसी प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाकर परस्पर सम्मान और सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

## डेढ़ माह से टूटी पड़ी पीएचई की लाइन, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गधा पुलिया से हनुमान नाका के बीच पीएचई की पानी की लाइन पिछले करीब डेढ़ माह से टूटी पड़ी है। क्षेत्रवासी सैयद इंतखाब अली ने बताया कि लाइन टूटने से लगातार पानी बह रहा है और सड़क पर भी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर संबंधित विभाग में कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पानी की बबार्दी हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। लोगों ने पीएचई विभाग से मांग की है कि टूटी लाइन की तत्काल मरम्मत कर पानी की बबार्दी रोकी जाए।

### एक बेटी के शिक्षित होने से सात पीढ़ियां करती हैं तरक्की

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जज्बा सोशल फाउंडेशन ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्गीय रफीक अहमद सिद्दीकी की स्मृति में वरिष्ठ शिक्षकों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कालिदास अकादमी के पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल में हुए कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आबिद कागदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समाज की तस्वीर बदलने में शिक्षा की निर्णायक भूमिका है। एक बेटी के शिक्षित होने से अगली सात पीढ़ियां उन्नति की ओर अग्रसर हो जाती हैं।

समारोह की अध्यक्षता रईस अहमद सिद्दीकी पटवारी ने की। विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य बालकृष्ण शर्मा सारस्वत अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रतलाम के अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सपना शर्मा, जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर एकता सोनी, जोशी आईएएस संस्थान की निदेशक पांखुरी वक्त, मुशायरा कमेटी के कन्वीनर शकील अहमद सिद्दीकी पटवारी, रिटायर्ड असिस्टेंट कमिश्नर नियाज शेख और शाजापुर के नेता प्रतिपक्ष अजीज मंसूरी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की।

## खेल संगठनों के पदाधिकारियों ने देखा टेबल टेनिस का रोमांच, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लोकमान्य तिलक स्कूल के राजाभाऊ महाकाल हॉल में चल रही द्वितीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा के दूसरे दिन मध्य प्रदेश के कोने-कोने से आए प्रतिभावान खिलाड़ियों के रोमांचक मुकाबले देखने के लिए विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित थे । आपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और खेल की तकनीकी जानकारी ली एवं खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सरहाना की स्पर्धा संयोजक राजेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर पारंपरिक लाठी संघ से रजनी नरवरिया, साइकिल पोलो संघ से विवेक वैद्य, किक बॉक्सिंग से मीनाक्षी चौहान, जिम्नास्टिक से ओपी शर्मा, राष्ट्रीय निर्णायक पूजा चित्तौड़ा, वॉलीबॉल से प्रलय जोशी तथा खो-खो से दिलीप चौहान ने अतिथि के रूप मे टेबल टेनिस के कई रोमांचक मुकाबले देखे।



### कुछ मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे

शिवम सोलंकी भोपाल ने अर्पित शर्मा उज्जैन को 3-0 से हराया। अच्युत मिश्रा सतना ने मुद्दल बोरा रतलाम को 3-0 से हराया। सत्यजीत घोष जबलपुर ने शहनवाज खान रीवा को 3-0 से हराया। मृदुल पुरोहित इंदौर ने लव गोस्वामी इंदौर को 3-0 से हराया। अनुराग सोनी, इंदौर ने वरुण रायकवार पन्ना को 3-0 से हराया। रुद्र चौधरी, इंदौर ने ऋषभ चतुवेर्दी ग्वालियर को 3-1 से हराया। सुजय चतुवेर्दी, ग्वालियर ने नितिन हटीला, झाबुआ को 3-0 से हराया। सौम्यायन जुनेजा, छिंदवाड़ा ने ध्रुव शर्मा, भोपाल को 3-0 से हराया। इमरान कुरैशी, भोपाल ने समर्थ अवधिया, सिवनी को 3-1 से हराया। स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार विवरण दोपहर 3 बजे लोकमान्य तिलक स्कूल के राजाभाऊ महाकाल हॉल में होगा

## स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित डॉक्टर व स्टाफ का वेतन काटने के निर्देश...

### क्षेत्रीय संचालक डॉ. पिप्पल ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्रीय संचालक डॉ. दीपक पिप्पल ने बड़नगर विकासखंड के इंगोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और गैरहाजिर मिले चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए।

हेल्थ सुपरवाइजर एमआर मंसूरी के अनुसार डॉ. पिप्पल ने अस्पताल के वार्डों और विभिन्न यूनिटों का निरीक्षण कर मरीजों और परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर समय पर जांच करने, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत निगरानी करने और अनमोल पोर्टल पर सभी एंट्री पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों



को समय पर मिले। सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ तय समय-सीमा में निराकरण किया जाए। लापरवाही बरतने वालों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. विजेंद्र सिंह अजनार, हेल्थ सुपरवाइजर एमआर मंसूरी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी विजय गोठवाल, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक किरण मंडलोई, स्टेनोग्राफर रविकांत शर्मा सहित स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

### सिंहस्थ पर बोले-अवधेशानंद गिरि.... विकास जरूरी, अखाड़े विरोध में नहीं:


## धर्मस्थलों से जुड़े विषयों पर विमर्श जरूरी, जेन-जी की बात भी सुनी जाए

### विकास सरकारों का काम, संत सहयोग के लिए तैयार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच शनिवार को जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज उज्जैन पहुंचे। निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने सिंहस्थ की तैयारियों, उज्जैन की धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान, विकास कार्यों, जेन-जी, शिक्षा और चिकित्सा समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि विकास जरूरी है, लेकिन प्राचीन धर्मस्थलों की गरिमा और धार्मिक परंपराओं का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कहा कि अवंतिका को अजर-अमर, अपराजेय और मोक्षदा नगरी कहा गया है। सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में उत्साह



दिखाई दे रहा है। शासन-प्रशासन की तैयारियों में सजगता और जनता के उत्साह को देखकर वे आनंदित हैं।

उन्होंने कहा कि विकास किस तरह और किस दिशा में करना है, यह सरकारों का काम है। साधु-संत विकास के विरोध में नहीं हैं। जरूरत पड़ने पर संत समाज सहयोग के लिए तैयार है। अखाड़ों, संतों और प्राचीन धर्मस्थलों से जुड़े विषयों पर निर्णय लेने से पहले आपसी विमर्श जरूरी है। उन्होंने काशी कॉरिडोर, अयोध्या, केदारनाथ और महाकाल लोक के विकास कार्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन कार्यों में संत समाज ने भी सहयोग किया है।

### जेन-जी को अलग नहीं, साथ लेकर चलें

जेन-जी के सवाल पर उन्होंने कहा कि युवाओं ने हमेशा समाज को नई दिशा दी है। आज की जेन-जी गैजेट्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी है और उसका अपना अनुभव व सोच है। युवाओं की बात सुनी जानी चाहिए। उन्हें यह कहकर अलग नहीं किया जाना चाहिए कि वे अभी परिपक्व नहीं हैं। युवाओं का विकास को लेकर उद्वेलन सकारात्मक है और इससे विकास की गति बढ़ सकती है।



### शिक्षा-चिकित्सा को बताया प्राथमिकता

उन्होंने शिक्षा में लगातार उन्नयन, नवाचार और नई तकनीक के अवसर बढ़ाने की जरूरत बताई। कहा कि भारत के पास वेद-पुराण जैसी समृद्ध ज्ञान परंपरा है। चिकित्सा को भी प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने आश्रमों में चल रहे निःशुल्क चिकित्सा केंद्रों का उल्लेख किया। साथ ही संस्कार, सत्यनिष्ठा और नैतिकता पर ध्यान देने की जरूरत बताई।

### जैन सोशल ग्रुप के कार्यक्रम में गिले-शिकवे भुलाकर मांगी माफी, हुआ बहुमान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पर्युषण और क्षमावाणी पर्व के तहत जैन सोशल ग्रुप समन्वय परिवार ने सामूहिक क्षमायाचना कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें ग्रुप के लगभग 40 दंपति शामिल हुए और वर्षभर में जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए एक-दूसरे से ह्यमिच्छामी दुक्कडम्ह्व कहते हुए माफी मांगी। इस दौरान मनमुटाव व कटुता भुलाकर आपसी संबंधों में आत्मीयता स्थापित करने का संदेश दिया गया। मौके पर तपस्वियों का विशेष बहुमान भी किया गया।

कार्यक्रम में भक्ताम्बर तप के लिए सुचिता जैन और कमलेश जैन का सम्मान किया गया। वहीं 9 उपवास की कठिन तपस्या पर अनिल बोहरा तथा 8 उपवास की तपस्या के लिए शैलेन्द्र बापना का बहुमान किया गया। सदस्यों ने तपस्वियों की अनुमोदना करते हुए इसे समाज के लिए आत्मसंयम और आध्यात्मिक उन्नति की प्रेरणा बताया।

संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने सभी सदस्यों को राग-द्वेष भुलाकर समन्वय प्रगाढ़ करने का संकल्प दिलाया। अध्यक्ष नगीन नलवाया ने कहा कि क्षमायाचना गलतियों को स्वीकार कर रिश्तों की दूरियां समाप्त करने का अवसर देती है।

उज्जैन
रविवार
20
सितम्बर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

तैलाद्रक्षेत् जलाद्रक्षेत् रक्षेत् शिथिल बंधनात्।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम्।।

**अर्थः** पुस्तक कहती है, तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन को ढीला मत होने दो, और मुझे मूर्ख के हाथों में मत डालो।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में गायनिक डॉक्टर ने लगाया जहरीला इंजेक्शन

**इंदौर।** इंदौर के एमटीएच अस्पताल में कार्यरत एक गायनिक महिला डॉक्टर ने शनिवार को खुद को जहरीला इंजेक्शन लगा लिया। उन्हें स्टाफ के अन्य साथी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पांचवीं मंजिल के वार्ड नंबर 27 में उनका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि उन्होंने मामले में सीनियर डॉक्टर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। कमरे में बेसुध मिली संयोगितागंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 28 वर्षीय डॉक्टर सिमी पिता करण यादव निवासी एमजीएम गर्ल्स हॉस्टल में रहती हैं। शनिवार को करीब 11 बजे वह अपने हॉस्टल के कमरे में बेसुध मिली थीं। इसके बाद साथी उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया है कि उन्होंने खुद को जहरीला इंजेक्शन लगा लिया था। सीनियर डॉक्टर से परेशान थीं सूत्रों के मुताबिक, सिमी एमटीएच अस्पताल में पदस्थ हैं। यहां पिछले दिनों से वह एक सीनियर डॉक्टर से परेशान थीं। ड्यूटी में आने-जाने के साथ ही अन्य बातों को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। संयोगितागंज पुलिस की महिला अधिकारी अस्पताल पहुंची हैं। उन्होंने मामले में सिमी के बयान लिए हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 212 दुकानें बंद

**इंदौर।** सराफा थाना क्षेत्र में एक व्यापारी पर हुए हमले को लेकर व्यापारियों में नाराजगी है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के साथ ही व्यापारियों ने गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानें बंद रखीं।व्यापारियों की मांग है कि मामले में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो। दरअसल, शुक्रवार शाम को सराफा इलाके में गोपाल मंदिर के पास फुटपाथ पर दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस दौरान नितेश चौरसिया से मारपीट का आरोप है। नितेश ने मारपीट करने वाले युवक पर चाकू से हमला करने और कट्टा दिखाकर धमकाने का आरोप लगाया है। इसके बाद सराफा के व्यापारी थाने पहुंचे और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर घेराव किया। इधर, घटना के बाद सराफा थाने के बाहर व्यापारी जमा हो गए और उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। व्यापारियों ने यहां पर जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान एफआईआर को लेकर भी कई घंटे तक व्यापारी प्रदर्शन पर बैठे रहे। ये भी बात सामने आई है कि शनिवार को व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल पुलिस कमिश्नर और निगम कमिश्नर से मिलने जा सकता है।

### पेट्रोल पंप पर बदमाशों का उत्पात तोड़फोड़ की, कैश चोरी की आशंका

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। तिरुपति नगर स्थित पेट्रोल पंप पर अज्ञात बदमाशों ने जमकर तोड़फोड़ की और उत्पात मचाया। पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। यह पेट्रोल पंप अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेश बंसल का है। घटना के बाद पंप संचालक ने एरोड्रम थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। देर रात अचानक पेट्रोल पंप परिसर में पहुंचे बदमाशों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना के बाद संचालक ने आशंका जताई कि उपद्रवियों ने तोड़फोड़ के साथ पेट्रोल पंप से नगद रुपए भी चोरी किए हैं। सूचना मिलते ही एरोड्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। इसके आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही, चोरी हुई रकम का भी पता लगाया जाएगा।

### इंदौर में ट्रैक्टर की चपेट में आकर राहगीर की मौत

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र के रोबोट चौराहे पर शुक्रवार रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से पैदल जा रहे 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा महक वाटिका के पास हुआ। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खजराना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान सोनू (30) पिता धन्नालाल निवासी रोबोट चौराहे के पास के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले का रहने वाला था और मकान निर्माण से जुड़े काम करता था। सोनू रात में महक वाटिका के पास पैदल जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सोनू काफी दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सोनू के पास मिले मोबाइल से परिजन को सूचना दी गई। परिवार में मां, बड़ा भाई और भाभी हैं। सोनू की शादी नहीं हुई थी।

### 18 साल पुरानी प्लॉट धोखाधड़ी में इंदौर में केस दर्ज

**इंदौर।** विजय नगर पुलिस ने करीब 18 साल पुराने प्लॉट धोखाधड़ी के मामले में एक मृत व्यक्ति, उसके बेटे और एक दलाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आरोपियों ने खुद को गृह निर्माण संस्था का पदाधिकारी बताकर पांच प्लॉट का सौदा किया और पीड़ित से 44 लाख 40 हजार रुपए ले लिए। बाद में इन्हीं प्लॉटों का दूसरे लोगों से अधिक कीमत में सौदा किए जाने की बात सामने आई। पुलिस ने ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी जगजीवन राम नगर की शिकायत पर भेरूलाल पोरवाल, उसके बेटे पंकज पोरवाल और दलाल राजेंद्र पुराणिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। भेरूलाल की मृत्यु हो चुकी है। ओमप्रकाश ने पुलिस को बताया कि राजेंद्र पुराणिक दलाली का काम करता था। उसने उन्हें बताया था कि लक्ष्मण नगर गृह निर्माण संस्था की आईडीए कॉलोनी में प्लॉट उपलब्ध हैं। इसके बाद वर्ष 2008 में पांच भूखंडों का सौदा 44 लाख 40 हजार रुपए में तय हुआ।


---

### पीपीटी में दिखाया टीचर्स के 10 लाख पद खाली; वीडियो क्लिप्स में बताया अंधभक्त कौन

# जेन-जी स्टूडेंट्स के प्रोफेसर बने राहुल, 1 घंटे की क्लास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हाथ में माइक, पीछे बड़ी स्क्रीन पर चलता पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, बीच-बीच में वीडियो क्लिप्स और सामने बैठे हजारों छात्र...। इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अंदाज किसी पारंपरिक राजनेता जैसा नहीं, बल्कि एक प्रोफेसर जैसा था। शाम करीब 7 बजे शुरू हुई राहुल गांधी की यह 'क्लास' पूरे एक घंटे चली। उन्होंने कोई भाषणबाजी नहीं की, बल्कि छात्रों से संवाद किया। सिस्टम बनाम स्टूडेंट की इस क्लास को राहुल ने चार मुख्य चैप्टर्स में बांटकर अपनी बात रखी।








### चैप्टर 1: छात्र दबाव में हैं

राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों की शिक्षा और उनका माहौल देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनके मुताबिक, आज छात्र दबाव में हैं और शिक्षा हर बच्चे की पहुंच में नहीं है।

- इसके बाद मध्य प्रदेश के छात्रों ने अपनी समस्याएं रखीं। राजगढ़ की सपना गुर्जर ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के कारण 13% पद रोके जाने से परीक्षा पास करने के बाद भी करीब 10 हजार युवाओं को नियुक्ति नहीं मिल सकी।
- यशिका दानी ने मध्य प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा की समस्याएं उठाईं। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं समय पर नहीं हो रहीं और रिजल्ट भी देर से जारी हो रहे हैं।
- राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार सवाल पूछने वाले छात्रों को पसंद नहीं करती। उन्होंने अंधभक्त शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि सवाल न पूछने वाले लोग सरकार के लिए अधिक स्वीकार्य होते हैं। इसके समर्थन में उन्होंने कुछ वीडियो क्लिप्स भी दिखाईं।

### चैप्टर 3: राहुल के मुताबिक सिस्टम के 6 चेहरे

तीसरे चैप्टर में राहुल गांधी ने देश के सिस्टम को प्रभावित करने वाले छह लोगों का जिक्र किया। उनके मुताबिक, इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, एनएसए अजीत डोभाल, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी शामिल हैं।

- **नरेंद्र मोदी (प्रधानमंत्री)**: राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सिस्टम के शीर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों पर डर और नियंत्रण का इस्तेमाल करते हैं।
- **अमित शाह (गृह मंत्री)**: राहुल गांधी ने अमित शाह को सिस्टम का एनफोर्सर बताया और छात्र प्रदर्शनों में पुलिस कार्रवाई के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि सचिन तेंदुलकर जैसे क्रिकेटरों के रहते अमित शाह के बेटे को क्रिकेट प्रशासन में शीर्ष पद कैसे मिला।
- **अजीत डोभाल**: राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल छात्रों के फोन की निगरानी और नियंत्रण करते हैं।
- **मोहन भागवत**: राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आरएसएस से जुड़े संस्थानों को स्कूल, कॉलेज और अन्य संस्थान चलाने के लिए हजारों करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं।
- **गौतम अडानी और मुकेश अंबानी**: राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि देश का कारोबार कथित तौर पर कुछ बड़े कारोबारी समूहों तक क्यों सिमट रहा है और इसमें अडानी-अंबानी की भूमिका क्या है?

### मंच पर पीड़ित परिवार ने सुनाई आपबीती

- इसी दौरान राहुल गांधी ने दिल्ली में छात्र की मौत से जुड़े एक हादसे की वीडियो क्लिप दिखाई। फिर मृत छात्र के पिता और बहन को मंच पर बुलाया। पिता ने कहा कि उनके बेटे की मौत महज हादसा नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का नतीजा थी।
- इसी मुद्दे पर उज्जैन की राधा मालवीय ने कहा कि शहरों में रहकर पढ़ाई करना महंगा होता जा रहा है। उनके मुताबिक, मकान का किराया हर साल 10% बढ़ता है जबकि आवास भत्ता 2 हजार रुपए महीना है।
- **बजट में हिस्सेदारी**: राहुल गांधी के मुताबिक, 2014 में कुल बजट का 4.6% शिक्षा पर खर्च होता था, जो अब घटकर 2.6% रह गया है।
- **स्कॉलरशिप**: राहुल गांधी ने दावा किया कि पिछले 10 वर्ष में 1.5 करोड़ बच्चों की स्कॉलरशिप बंद हुई है।
- **शिक्षकों की कमी**: राहुल गांधी ने कहा कि देश में शिक्षकों के करीब 10 लाख पद खाली हैं।
- **अरबपतियों को फायदा**: राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्ष में शिक्षा पर खर्च किए जाने वाले 7.7 लाख करोड़ रुपए का फायदा अरबपतियों को मिला।
- इस दौरान खरगोन की एक आदिवासी छात्रा ने सवाल किया कि अगर सरकार प्रभावशाली लोगों को रियायती दर पर जमीन दे सकती है तो गरीबों को सस्ती शिक्षा क्यों नहीं मिल सकती। वहीं, एक अन्य युवती ने कहा कि उसने 2023 में शिक्षक भर्ती परीक्षा पास की, लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं मिली। उसने इसके लिए सरकार की नीति पर सवाल उठाया।

---

### खजराना जमीन मामले में हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# आदेश और निष्कर्ष में सामंजस्य नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

खजराना स्थित भूमि से संबंधित बेदखली के एक चर्चित मामले में हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने बड़ा फैसला सुनाते हुए अपना ही पूर्व आदेश (23 अगस्त 2026 को दिया) वापस ले लिया है।

कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका स्वीकार करते हुए न केवल याचिकाकर्ता की बेदखली की कार्रवाई पर तुरंत रोक लगा दी, बल्कि मामले से जुड़ी संदिग्ध प्रक्रियाओं और पूर्व आदेश में मौजूद विसंगतियों पर कड़े सवाल भी उठाए हैं। जस्टिस मिलिंद फड़के की खंडपीठ के समक्ष रिव्यू पिटिशन की सुनवाई हुई।

अधिवक्ता अभिनव मल्होत्रा ने रिव्यू पिटिशन दायर की थी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि जिस आदेश के आधार पर संपत्ति से कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही थी, वह कभी मूल याचिका में प्रस्तुत ही नहीं किया गया था। इसके साथ राजस्व न्यायालय की कार्यसूची में दर्ज अगली



तारीखें ये दर्शाती हैं कि पूरी प्रक्रिया में गंभीर विसंगतियां हैं।

कोर्ट ने पिछले आदेश (23 अगस्त 2026) का उल्लेख करते हुए माना कि पूर्व आदेश के बिंदु क्रमांक 18 में कहा गया था कि अपर आयुक्त द्वारा पारित आदेश को कानूनन गलत कहा जा सकता है। याचिका खारिज कर दी गई थी।

मूल आदेश का गायब होना घपले की आशंका अदालत ने टिप्पणी की कि जिस 20 अप्रैल 2026 के कथित आदेश को आधार बनाकर बेदखली की कार्रवाई की जा रही थी, वह मूल आदेश न्यायालय के सामने कभी रखा ही नहीं गया था। प्रस्तुत प्रमाणित कार्यसूची से पता चलता है कि 18 अगस्त 2026 को भी मामला जारी था और उसमें अगली तारीख 17 नवंबर 2026 तय की गई है। ऐसे में क्या 20 अप्रैल 2026 का आदेश कोई वैध और वास्तविक आदेश है या नहीं, यह एक बुनियादी सवाल है। आरोपों की पड़ताल जांच एजेंसी करेगी पुलिस आयुक्त को दी गई 25 अगस्त 2026 की शिकायत में अपर आयुक्त के फर्जी आदेश को तैयार करने और उसका दुरुपयोग करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हालांकि वे इस स्तर पर जालसाजी का अंतिम निष्कर्ष नहीं दे रहे हैं, लेकिन निष्पक्ष जांच और वैज्ञानिक पड़ताल के जरिए सच्चाई सामने आना बेहद जरूरी है।

#### यह है पूरा मामला

याचिकाकर्ता का पक्ष : याचिकाकर्ता लक्ष्मी बलाई की ओर से अधिवक्ता मल्होत्रा ने बताया कि लक्ष्मी को दूसरी अपील का सूचना पत्र कभी प्राप्त नहीं हुआ। 22 अगस्त 2026 को तब जानकारी मिली जब तहसीलदार द्वारा जारी 20 अगस्त 2026 का बेदखली सूचना पत्र उनके घर चिपकाया।

**फर्जीवाड़े का आरोप**: याचिकाकर्ता ने पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि अंकित जैन, राजेंद्र हिरानी और संबंधित अधिकारियों ने मिलकर एक फर्जी/गढ़ा हुआ आदेश तैयार किया और इसका इस्तेमाल कब्जा लेने के लिए किया। वकील के खिलाफ केस दर्ज- एडिश्नल कमिश्नर तरुण भटनागर का फर्जी आदेश बनाकर उसका पालन कराने के आरोप में वकील आशीष अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हाल ही में उसे जमानत मिली।

---

### एमवाय अस्पताल में डॉक्टर से मारपीट

## मरीज की मौत के बाद हंगामा काम बंद कर बाहर निकले डॉक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमवाय अस्पताल के ओआर-1 में शनिवार रात सर्जरी के फर्स्ट ईयर के डॉक्टर के साथ मारपीट हो गई। एक मरीज की मौत के बाद परिजन गुस्सा हो गए। वे डॉक्टरों को अपशब्द कहते हुए मारपीट करने लगे। हाथापाई के बाद सभी डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया और बाहर आ गए। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। संयोगितागंज पुलिस रात करीब 9 बजकर 15 मिनट पर एमवाय अस्पताल परिसर पहुंची थी। बताया जाता है कि यहां एक मरीज की मौत के बाद उसके परिजन नाराज हो गए। उन्होंने डॉक्टर से विवाद करना शुरू कर दिया। इसके बाद यहां जमकर कहासुनी हुई। सूचना के बाद मौके पर सुरक्षा गार्ड भी पहुंचे। उन्होंने परिजनों को पकड़कर बाहर किया। इसके बाद संयोगितागंज थाने का स्टाफ मौके पर पहुंच गया। पुलिस के मुताबिक, अभी दोनों पक्षों के नाम सामने नहीं आए हैं। मौके पर डॉक्टरों के काम बंद करने की जानकारी सामने आई है।



---

## सफाईकर्मी महिला के साथ धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

परदेशीपुरा इलाके में एक महिला के 13 साल पुराने बैंक खाते से 2 लाख 80 हजार रुपए धोखे से निकालने का मामला सामने आया है। महिला को इसकी जानकारी उस समय हुई, जब वह अपने बेटे के साथ बैंक पहुंची और खाते में रुपए जमा कराने के बाद बैलेंस पूछा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मीबाई की शिकायत पर शुक्रवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। लक्ष्मीबाई सफाई का काम करती हैं। उन्होंने बताया कि करीब 13 साल पहले उन्होंने स्टेट बैंक में खाता खुलवाया था। वह इसमें धीरे-धीरे अपनी बचत के रुपए जमा करती रही थीं। खाते में करीब 2 लाख 80 हजार रुपए जमा थे। लक्ष्मीबाई के मुताबिक, 11 जुलाई को वह अपने बेटे के साथ बैंक पहुंचीं। उन्होंने खाते में 30 हजार रुपए जमा किए और इसके बाद कैशियर से बैलेंस पूछा।

---

### मप्र में ईवी बढ़ाने की 5 साल की नीति, लेकिन छूट एक साल में बंद

# 27 मार्च के बाद निजी-वाहनों को नहीं मिल रहा लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मप्र में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की खरीदारी बढ़ रही है, लेकिन प्रोत्साहन और टैक्स छूट खत्म होने से निजी वाहनों की बिक्री को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

सरकार ने पिछले साल ईवी नीति के तहत रोड टैक्स व पंजीयन पर 100% छूट के साथ श्रेणीवार प्रोत्साहन राशि दी थी, लेकिन 27 मार्च के बाद ये दोनों लाभ बंद हो गए। फिलहाल छूट केवल मास मोबिलिटी वाहनों, खासकर बसों तक सीमित है। खरीदारों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में ईवी की शुरूआती कीमत अधिक होने के बावजूद संचालन खर्च कम है।



ऐसे में छूट जारी रहने पर निजी ईवी की खरीद बढ़ सकती है। दूसरी ओर चार्जिंग की लागत भी चुनौती है। बिजली दरों के साथ 18% जीएसटी लगने से चार्जिंग महंगी हो रही है। प्रदेश में 4 लाख ईवी पर करीब 1170 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं। शहरों के साथ हाईवे पर भी इनकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है। सौर ऊर्जा से चार्जिंग स्टेशन चलाने के लिए विशेष इंसेंटिव की जरूरत है। बैटरी स्वैपिंग की व्यवस्था लागू नहीं होने से ईवी का लंबी दूरी और दूसरे शहरों में इस्तेमाल सीमित है। घरेलू चार्जिंग के लिए नीति व दरें तय नहीं होने से ईवी फ्यूल कॉस्ट को लेकर असमंजस है। चार्जिंग स्टेशन की दरों पर 18% जीएसटी से लागत बढ़ रही है; इसे 5% करने की जरूरत है।

---

### भाजपा ने जारी किए पोस्टर, कहा- कांग्रेस पदाधिकारी को स्टेज पर बुलाकर किया जा रहा ड्रामा

# भाजपा का आरोप- आम छात्रों की जगह कांग्रेस पदाधिकारी पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा का दावा है कि कार्यक्रम में आम छात्रों के रूप में जिन लोगों को मंच पर अपनी बात रखने का मौका दिया गया, उनमें कुछ कांग्रेस और एनएसयूआई से जुड़े पदाधिकारी शामिल थे। यह पोस्टर पार्टी की ओर से जारी किया गया है।

भाजपा ने इसे छात्रों के नाम पर किया गया राजनीतिक कार्यक्रम बताते हुए कांग्रेस से जवाब मांगा है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास युवाओं के मुद्दों पर बात करने के बजाय अपने राजनीतिक कार्यकर्ताओं को




छात्र के रूप में प्रस्तुत करने की जरूरत पड़ रही है। पार्टी ने कहा कि कार्यक्रम में मंच पर पहुंचे लोगों की पृष्ठभूमि सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि स्पष्ट हो सके कि वे वास्तव में छात्र हैं या किसी राजनीतिक संगठन से जुड़े पदाधिकारी।

#### उमंग सिंघार से मांगा जवाब

भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से इस मामले में जवाब मांगते हुए कहा कि यदि कार्यक्रम में गलत तरीके से लोगों को छात्रों के रूप में प्रस्तुत किया गया है तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। भाजपा ने कांग्रेस पर पहले भी छात्रों और युवाओं से जुड़े मामलों में तथ्यों को लेकर सवाल खड़े करने का आरोप लगाया। साथ ही दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा वर्ग के बीच भाजपा और एबीवीपी को समर्थन मिल रहा है।

**विजयवर्गीय बोले- प्रचार का प्रयास है-** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस को युवाओं पर भरोसा होता तो छात्रों के बीच अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को खड़ा करने की जरूरत नहीं पड़ती। छात्रों के बीच कार्यकताओं को आगे करना राजनीतिक प्रबंधन और प्रचार का प्रयास है।

**प्रदेश अध्यक्ष ने राजनीतिक प्रबंधन बताया-** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस को युवाओं पर वास्तविक विश्वास होता तो छात्रों की आड़ में पार्टी कार्यकर्ताओं को मंच पर खड़ा नहीं करती। युवाओं का विश्वास राष्ट्रवाद के साथ है, जबकि कांग्रेस छात्रों के नाम पर राजनीतिक प्रबंधन कर रही है।

**मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी किया पलटवार-** राहुल के सवालों पर एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पलटवार किया है। सीएम ने कहा कि इंदौर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने झूठ की गूंज का कार्यक्रम किया। बिना तैयारी के उन्होंने कुछ बच्चों और युवा मित्रों से संवाद किया। ऐसा लगा कि कांग्रेस के लोगों ने अपने एजेंडे के आधार पर जनता के बीच भ्रम फैलाने की दृष्टि से यह कार्यक्रम आयोजित किया।

**कांग्रेस ने कहा- राहुल गांधी के साथ हैं युवा-** कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि लाखों की संख्या में छात्रों ने आकर यह बता दिया है कि आज का युवा राहुल गांधी के साथ है।

## खबर एक नजर...

### बंजारी मंदिर के पास ट्रक में घुसा ट्राला, केबिन में फंसा चालक

**सिवनी।** सिवनी के छपारा थाना क्षेत्र में बंजारी मंदिर के पास नेशनल हाईवे-44 पर शनिवार रात तेज रफ्तार ट्राला सामने चल रहे ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्राला का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। पुलिस ने रेस्क्यू कर चालक को बाहर निकाला। हादसे में चालक को चोटें आई हैं। ट्राला चालक की पहचान विवेक (44) पिता रामचन्द, निवासी गहिरा, मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। हादसे के बाद वह क्षतिग्रस्त केबिन में फंस गया था। सूचना पर पहुंची छपारा पुलिस ने जरूरी सामान की मदद से रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार दोनों वाहन नागपुर की ओर से जबलपुर की तरफ जा रहे थे। बंजारी मंदिर के पास हाईवे के वन-वे हिस्से में ट्राला आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

### भोपाल में आज जुटेंगे 30 हजार स्वयंसेवक

**भोपाल।** भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर रविवार (20 सितंबर) स्वयंसेवक एकत्रीकरण होगा। कार्यक्रम में संघ के भोपाल विभाग के अंतर्गत आने वाले पांच जिलों से करीब 30 हजार स्वयंसेवक शामिल होंगे। कार्यक्रम में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। एकत्रीकरण के माध्यम से भोपाल विभाग में नियमित रूप से संचालित संघ की शाखाओं के वृहद स्वरूप को समाज के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की सहभागिता के साथ संघ के सामाजिक कार्यों और आगामी संकल्पों का संदेश भी दिया जाएगा। संघ के शताब्दी वर्ष का औपचारिक शुभारंभ विजयादशमी 2025 से हुआ है। वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों के जरिए संघ की 100 वर्षों की यात्रा और समाज जीवन में उसके योगदान को सामने रखा जा रहा है। इसके तहत गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन और प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क और संवाद किया गया है।

### दिल्ली से थिनर और ग्वालियर से पैकेजिंग सामान लाकर सागर में बनाते थे मौत का ब्रांड

**सागर।** जिले के बंडा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से हुई 37 मौतों के मामले में पुलिस ने अब तक का सबसे बड़ा खुलासा किया है। इस अंतरराज्यीय रैकेट की जड़ें दिल्ली, ग्वालियर, मुरैना और कानपुर तक फैली हैं। यह एक ऐसा खतरनाक सिंडिकेट था, जो लाइसेंसधारी शराब ठेकेदारों के संरक्षण में खुलेआम मौत का जहर परोस रहा था। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने शनिवार को इस पूरे रैकेट का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली से थिनर और ग्वालियर से खाली बॉटल व पैकेजिंग सामग्री मंगाकर नकली शराब बनाई जा रही थी। शराब ठेकों में पार्टनरशिप करके नकली शराब खपाने की योजना थी। ग्वालियर व अन्य स्थानों पर छापा मारकर 4 डाई मशीनें, 11,050 खाली बोतलें और भारी मात्रा में कच्चा माल जब्त किया है?। दिल्ली से केमिकल सप्लाई करने वाले व्यापारी को भी पुलिस ने पकड़ा है। अब तक 52 नामजद आरोपियों में से 37 को गिरफ्तार कर लिया है। ग्वालियर के बहोड़ापुर क्षेत्र के जेवरा का पुरा में राजू सेंगर के पास से 11,050 खाली बोतलें, बॉम्बे लिखी डाई और कैप्सूल जब्त किए गए। वहीं पंकज राय की राय कॉलोनी (ग्वालियर) स्थित अवैध फैक्ट्री पर दबिश देकर 180 एमएल की ब्रांडेड और प्लेन बोतलें बनाने वाली डाई मशीनें बरामद की गईं।

### 75% पुल बनकर तैयार, तब याद आई 33 केवी लाइन, काम ठप..

**श्योपुर।** श्योपुर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश शुरू होने के साथ देशभर से छात्र अभिभावकों के साथ पहुंच रहे हैं, लेकिन कॉलेज तक पहुंचने का रास्ता उनकी परेशानी बढ़ा रहा है। कॉलेज को जोड़ने वाले 19.87 करोड़ रुपए के पुल का काम 33 केवी लाइन और उसके पोल के कारण अटक गया है। इन्हें हटाए बिना पुल पर स्लैब नहीं रखा जा सकता। इसलिए काम बंद है। इधर, नदी का पुराना रपटा पानी में डूबने से कॉलेज जाने का सीधा रास्ता भी बंद है। इसके चलते मेडिकल कॉलेज की दूरी 15 किमी बढ़ गई है। अब सवाल यह है कि करोड़ों रुपए के पुल के निर्माण से पहले क्या मौके का सर्वे नहीं किया गया? यदि किया गया, तो 33 केवी लाइन और उसके पोल हटाने का प्रावधान क्यों नहीं रखा गया?

### 10 महीने से रिलेशन का दबाव बना रहा था श्रवण

**सतना।** सतना में कॉलेज छात्रा को लंबे समय से फिजिकल रिलेशन के लिए परेशान करने वाले छात्र श्रवण सेन को कोलगवां पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने छात्रा के विरोध करने पर पिटाई भी करवाई थी। पुलिस ने आरोपी को 19 साल के जेएफएफसी सोलानी वर्मा की अदालत में पेश किया। यहां से उसे ज्यूडिशियल रिमांड पर सेंट्रल जेल भेज दिया गया। आरोपी श्रवण सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उमरी में रहकर पढ़ाई करता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर महिला की लज्जा भंग करने, यौन संबंध बनाने की अनुचित मांग करने, अश्लील टिप्पणी करने और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है।

---


दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर वाहनों पर पथराव, एनएचएआई ने की पुष्टि


# झाबुआ बॉडर पर भाजपा नेता घायल, 6 वाहन हुए क्षतिग्रस्त


ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

झाबुआ जिले की सीमा में शनिवार रात दिल्ली-मुंबई आठ लेन एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात बदमाशों ने गुजर रहे वाहनों पर पथराव कर दिया। हमले में भाजपा नेता सोनू यादव के वाहन समेत आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियां क्षतिग्रस्त होने की जानकारी है। कुछ यात्रियों के घायल होने की भी बात सामने आई है। घटना के बाद वाहन चालकों और यात्रियों में डर का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि शनिवार रात झाबुआ क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे वाहनों पर अचानक पत्थर फेंके गए। हमले की चपेट में कई वाहन आए। कुछ वाहनों के शीशे टूट गए। यात्रियों ने किसी तरह वाहनों को आगे बढ़ाया और सुरक्षित स्थान की ओर पहुंचे।

पथराव की चपेट में ऐसे वाहन भी आए, जिनमें गुजरात से ऑपरेशन करवाकर लौट रहे मरीज और उनके परिजन सवार थे। परिवार के साथ यात्रा कर रहे लोगों के वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। पथराव के बाद वाहन चालक अपने वाहनों को लेकर आगे बढ़े और अब कई वाहन धामनोद टोल प्लाजा पर खड़े बताए जा रहे हैं। एनएचएआई रतलाम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप पाटीदार ने घटना की पुष्टि की है। उनके अनुसार टीमरवानी से करीब 15 किलोमीटर दूर झाबुआ क्षेत्र में यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि रतलाम से पुलिस बल मौके के लिए रवाना किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही





### एक्सप्रेस-वे पर घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था में जुटी टीम, मामले में पुलिस जांच कर रही



घटना को लेकर पुलिस की ओर से फिलहाल आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद पथराव की जगह, क्षतिग्रस्त वाहनों और घायलों की स्थिति की जानकारी स्पष्ट हो सकेगी। घटना के पीछे कौन लोग थे और पथराव क्यों किया गया, इसकी जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी।

---

108 मीटर लंबी शिव बारात रचेगी इतिहास, देश-विदेश के पद्मश्री विद्वान व कलाकार होंगे शामिल

# 27 से सजेगा अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव


### माांडना कला में बनेंगे 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मालवा की लोककला व संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से 27 सितंबर से 4 अक्टूबर तक 20वें अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित इस आठ दिवसीय उत्सव का मुख्य आकर्षण मालवा की पुरातन मांडना कला रहेगी। शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर को 108 मीटर लंबी मांडना कलाकृति 'शिव बारात' के माध्यम से कलाकार सिद्धार्थ भागचंदानी एक साथ छह वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। इससे उज्जैन सहित मध्य प्रदेश की लोककला परंपरा को विश्व स्तर पर ख्याति मिलेगी।

संस्था की मानसेवी निदेशक डॉ. पल्लवी किशन ने बताया कि यह वर्ल्ड रिकॉर्ड देश-विदेश की जेन जेड को सनातन परंपरा और कलात्मक दृष्टिकोण की ओर आकृष्ट करेगा। यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, म.प्र. संस्कृति संचालनालय, म.प्र. पर्यटन विकास बोर्ड, संस्कार भारती उज्जैन तथा प्रयागराज, उदयपुर व पटियाला के सांस्कृतिक केंद्रों के सहयोग से किया जा रहा है।

उत्सव के दौरान स्कूल, कॉलेज, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोकनृत्य, लोकगीत संजा, मांडना प्रतियोगिता, फोक लिटरेचर फेस्टिवल और लेक्चर डेमोंसट्रेशन होंगे। युवाओं को लोक कला से जोड़कर नए रोजगार की संभावनाएं तलाशने के लिए यूथ इंगेजमेंट प्रोग्राम होगा।



### तीन दिनी लोकरंग जत्रा में 120 कलाकार देंगे प्रस्तुति

आयोजन में तीन दिवसीय लोक रंग जत्रा आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब और उत्तर प्रदेश के लगभग 120 कलाकार प्रस्तुति देंगे। इस पूरे आयोजन से देशभर के पद्मश्री विद्वान, कुलपति, विषय विशेषज्ञ, शोधार्थी, विद्यार्थी और हस्तकरघा निमार्ता जुड़ेंगे। संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. पल्लवी किशन, कुमार किशन, डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. जगदीश चंद्र शर्मा, डॉ. अनीता चौधरी, डॉ. प्रकाशेंद्र माथुर, राकेश शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, रविंद्र देवलेकर, प्रवीण चतुर्वेदी, मिलन गुप्ता, लोकेश सिंह तोमर, विजय भागचंदानी, शीला व्यास एवं डॉ. पुष्पा चौरसिया ने कला प्रेमियों से इस लोकोत्सव से जुड़ने का आग्रह किया है।

---

कांग्रेस की विचारधारा को दी मजबूती

# इंदौर पहुंची युवा कांग्रेस, 'छात्रों की गूंज' में बुलंद की युवाओं की आवाज

### जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने कार्यक्रम में की शिरकत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

युवाओं और छात्रों के अधिकारों को लेकर उज्जैन जिला युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता इंदौर पहुंचे। जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में युवाओं ने इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

इस दौरान युवाओं के बेहतर भविष्य और उनके अधिकारों से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से उठाया गया। युवाओं ने एकजुटता दिखाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विचारों और पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता गाड़ियों के काफिले के साथ इंदौर पहुंचे। शहर में रैली निकालते हुए युवाओं ने हाथ में इंडियन यूथ कांग्रेस का झंडा थाम रखा था। पैदल मार्च के दौरान कार्यकताओं ने राहुल गांधी और उज्जैन जिला युवा कांग्रेस के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। उत्साह से लबरेज युवाओं ने जिलाध्यक्ष अर्पित यादव को कंधे पर बैठाकर अपना समर्थन जताया। युवा कांग्रेस के अनुसार इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संवाद और संघर्ष के माध्यम से युवाओं की समस्याओं का समाधान खोजना है।



---

स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी के 94वें प्राकट्य महोत्सव में संतों का समागम, कर्नाटक के राज्यपाल और मुख्यमंत्री हुए शामिल

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में भव्य होगा 2028 का सिंहस्थ

### सिंहस्थ केवल मेला नहीं, सनातन चेतना का महापर्व

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आगामी 2028 का सिंहस्थ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बहुत भव्य और दिव्य रूप में आयोजित होगा। यह बात जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कही। वे शनिवार को इंदौर रोड स्थित होटल अंजुश्री में भारत माता मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी के 94वें प्राकट्य महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। समारोह में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वामी अवधेशानंद गिरी ने ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी के ज्ञान, त्याग और राष्ट्र के प्रति योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ केवल एक मेला नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना और तीर्थ-संस्कृति का विराट महापर्व है। इसे सुव्यवस्थित, सुरक्षित, स्वच्छ और श्रद्धालु-केंद्रित बनाने के लिए शासन-प्रशासन के साथ उज्जैन के प्रत्येक नागरिक और संत समाज की सामूहिक सहभागिता जरूरी है। महोत्सव में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व स्वस्तिवाचन के बाद ब्रह्मलीन गुरुदेव का विशेष पूजन, रुद्राभिषेक, पादुका पूजन और संत भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ।




### संतों के साथ राजनीति और प्रशासन के दिग्गज रहे मौजूद

इस भव्य आयोजन में संत समाज और राजनीति से जुड़े कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वामी गोविंद देव गिरी, स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी, स्वामी ललितानंद गिरी, स्वामी उमेश नाथ, साध्वी प्रज्ञा भारती, स्वामी शैलेशानंद गिरी, आचार्य शेखर और आई.डी. शास्त्री ने प्रेरक प्रवचन दिए। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उज्जैन जिला प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक सतीश मालवीय, इंदौर विधायक संजय शुक्ला, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल मालवीय, मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर, मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ओम जैन, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, सिंहस्थ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, डॉ. रवि, विश्वविद्यालय कार्य परिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेश सिंह कुशवाह और महंत राजेंद्र भारती ने सहभागिता की।

### समन्वय परिवार और प्रभु प्रेमी संघ ने किया स्वागत

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक, होटल अंजुश्री के एमडी और समन्वय परिवार के ट्रस्टी सुरेश मोढ़ ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन को सफल बनाने में समन्वय परिवार उज्जैन के अध्यक्ष टी.आर. थापक, आयोजक मंडल के कीर्ति-सुरेश मोढ़, शुभम मोढ़, इंदिरा-सुरेश विजयवर्गीय, सरला सुराणा और प्रभु प्रेमी संघ उज्जैन के अध्यक्ष अजय पाण्डेय की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कवि अशोक भाटी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन और भोजन प्रसादी के साथ आयोजन का समापन हुआ।

---

### अगले 4 दिन भोपाल, इंदौर-उज्जैन में पानी गिरेगा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

दक्षिण-पश्चिम मानसून के आखिरी दौर में मध्य प्रदेश में तेज बारिश की झड़ी लग सकती है। मौसम केंद्र के मुताबिक, उत्तर अंडमान सागर में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) सक्रिय हो रहा है। इसका एमपी में भी असर हो सकता है। अगले 4 दिन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत अन्य जिलों में भी कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि नया सिस्टम कितना स्ट्रॉन्ग रहता है, यह उसकी दिशा और तीव्रता तय करेंगे। 23 सितंबर तक प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है लेकिन सिस्टम की एक्टिविटी के चलते अनुमान में बदलाव भी हो सकता है।

इससे पहले शनिवार को भोपाल समेत आसपास के इलाकों में रातभर हुई बारिश के बाद भदभदा का एक और कलियासोत डैम के दो गेट खोल दिए गए। ब्यावरा में लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए। अजनार नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा, जिससे इलाके में बाढ़ जैसे हालात बन गए। आगर जिले में नलखेड़ा समेत कई जगहों पर भारी बारिश रिकॉर्ड की गई। मां बगलामुखी मंदिर के सामने से गुजरे नाले में एक कार बह गई। इससे 8 लोगों की मौत हो गई। शहडोल में आकाशीय बिजली गिरने से 2 की जान चली गई।

---

भगवान पुष्पदंत का निर्वाण कल्याणक मनाया

# उज्जैन के शांतिनाथ मंदिर और तपोभूमि में उत्तम शौच धर्म की आराधना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दशलक्षण पर्व के चौथे दिन शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में उत्तम शौच धर्म की विशेष आराधना की गई। सेठी नगर स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर और सिद्ध क्षेत्र श्री महावीर तपोभूमि में 9वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत का निर्वाण कल्याणक मनाया गया और निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। मुनि श्री प्रणीत सागर और ब्रह्मचारिणी डॉ. प्रभा दीदी ने धर्मसभाओं को संबोधित किया। वहीं, आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज ने उत्तम सत्य धर्म पर विशेष लेख के माध्यम से सत्य का महत्व बताया।

शांतिनाथ मंदिर में मुनि श्री प्रणीत सागर जी महाराज के सानिध्य में उत्तम शौच धर्म मनाया गया। ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाडिया और सचिन कासलीवाल ने बताया कि भगवान पुष्पदंत को निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। इसके बाद मुनि श्री ने तत्त्वार्थ सूत्र के चतुर्थ अध्याय (देव लोक का वर्णन) का वाचन कराकर उसे समझाया। उन्होंने कहा कि देव बनना पुण्य का फल है, लेकिन यह भी संसार है। सच्चा जैन देव बनने की नहीं, भगवान बनने की भावना करता है। उन्होंने उत्तम शौच धर्म पर कहा कि लोभ सभी पापों का बाप है, इसे छोड़ना ही शौच धर्म है। रविवार को उत्तम सत्य धर्म की आराधना होगी।


महावीर तपोभूमि में ब्रह्मचारिणी डॉ. प्रभा दीदी ने श्रावक संयम साधना शिविर में कहा कि मायाचारी से मुक्त हुए बिना मोक्ष मार्ग नहीं मिलेगा। पूजा में थोड़ा चढ़ाकर बहुत मांगना भी मायाचारी है। उत्तम शौच धर्म का अर्थ लोभ और मायाचारी का त्याग है। भगवान पुष्पदंत का मोक्ष कल्याणक भव्यता से मनाया गया और निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। इस दौरान तपोभूमि परिवार ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे।





### आचार्य प्रज्ञा सागर जी का लेख: सत्य ही आत्मा का स्वभाव

आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी ने उत्तम सत्य धर्म पर लिखा कि सत्य केवल बोलने का नहीं, जीने का विषय है। जैन दर्शन में सत्य को आत्मा का स्वाभाविक गुण माना गया है। जो वचन हितकारी, अहिंसक, प्रमाणिक हो और जिससे किसी का अहित न हो, वही सत्य है। सत्य के साथ करुणा और विवेक का होना भी आवश्यक है। उन्होंने लिखा कि मनुष्य भय, लोभ, स्वार्थ और अहंकार के कारण झूठ बोलता है। असत्य विश्वसनीयता नष्ट करता है। सत्य का पालन छोटे अभ्यासों से शुरू होता है। बोलने से पहले खुद से पूछें कि क्या यह सत्य है, हितकारी है और क्या यह उचित समय है। सत्य का संबंध पर्यावरण से भी है। सच्चा पर्यावरण प्रेम वही है जिसमें कथनी और करनी एक हो। सत्य कभी हारता नहीं, केवल उसकी परीक्षा होती है।



# बिग बी और दीपिका फिर आएंगे साथ



## 'द इंटर्न' के हिंदी रीमेक पर बड़ा अपडेट

अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आ सकती है. दोनों हॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'द इंटर्न' के बहुप्रतीक्षित हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे. लंबे समय से चर्चा में रहे इस प्रोजेक्ट को लेकर अब मेकर्स ने साफ कर दिया है कि फिल्म बंद नहीं हुई है और इस पर काम जारी है. हॉलीवुड की मूल फिल्म में रॉबर्ट डी नीरो ने एक रिटायर्ड व्यक्ति का किरदार निभाया था, जो एक फैशन ई-कॉमर्स कंपनी में सीनियर इंटर्न के तौर पर काम शुरू करता है. हिंदी रीमेक में इस भूमिका को अमिताभ बच्चन निभाएंगे.

वहीं, ऐनी हैथवे के किरदार से प्रेरित भूमिका में दीपिका पादुकोण नजर आएंगी. फिल्म की कहानी एक उम्रदराज इंटर्न और उसकी युवा बॉस के बीच विकसित होने वाले खूबसूरत रिश्ते पर आधारित है. यह रिश्ता सिर्फ ऑफिस तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दोनों एक-दूसरे से जिंदगी और अनुभवों के बारे में काफी कुछ सीखते हैं.

अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी इससे पहले 'पीकू' में दर्शकों को पसंद आ चुकी है। ऐसे में दोनों को एक बार फिर साथ देखने को लेकर फैंस में खास उत्सुकता है. 'द इंटर्न' का हिंदी रुपांतरण लंबे समय से चर्चा में रहा है और बीच में इसके ठंडे बस्ते में जाने की खबरें भी सामने आई थीं.



# डायरेक्टर ने एक्शन सीन के दौरान कहा...शर्ट उतारकर


अपनी बेबाकी और दमदार एक्टिंग के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस राधिका आप्टे ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री के काले सच और अपने साथ हुए अजीब अनुभवों पर खुलकर बात की है. एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे शुरूआती दौर में कुछ फिल्मों में न्यूड सीन देने के बाद लोगों की यह मानसिकता बन गई कि वह ऐसे सीन्स या बोल्ड कंटेंट के लिए हमेशा तैयार रहेंगी. एक इंटरव्यू में राधिका ने एक हैरान करने वाला किस्सा शेयर किया. राधिका के मुताबिक, सेट पर उनसे पूछा गया कि क्या वह बिना शर्ट के बटन लगाए यह एक्शन सीन कर सकती हैं? जब एक्ट्रेस ने तर्क दिया कि एक्शन सीन के दौरान फिजिक्स के हिसाब से शर्ट स्वाभाविक रूप से हिलेगी, तो डायरेक्टर ने अजीब जिद पकड़ते हुए कहा, 'क्या होगा अगर आप यह सीन सिर्फ इनरवियर में करें?' इस पर कड़ा विरोध जताते हुए राधिका ने पूछा था कि आखिर वे उनसे ऐसी क्या हरकत करवाना चाहते हैं? राधिका ने यह भी बताया कि कई बार मेकर्स उनसे बिना किसी संदर्भ के छोटे-मोटे इंटीमेट सीन्स या किसिंग जोड़ने की जिद करते हैं और मना करने पर कहते हैं, 'अरे, थोड़ा कर लो ना, बस 15 सेकंड का इम्प्रोवाइजेशन है.' एक्ट्रेस का कहना है कि वह हर सीन के लिए स्क्रिप्ट की मांग देखती हैं, न कि सिर्फ इसलिए हामी भरती हैं क्योंकि लोग उनकी पुरानी इमेज के आधार पर 'ये तो कर ही लेगी' वाली थ्योरी बना लेते हैं.



# फैंस के सामने घुटने टेक दिलजीत ने जीता दिल

सिंगर दिलजीत दोसांझ का लंदन के वेम्बली स्टेडियम में हुआ कॉन्सर्ट इन दिनों चर्चा में है. शो के दौरान उन्होंने दो ऐसे फैंस को मंच पर बुलाया, जो निर्माण स्थल पर अपनी शिफ्ट खत्म करने के बाद उनका कॉन्सर्ट देखने पहुंचे थे. दिलजीत ने पहले दोनों की मेहनत और अपनी कमाई से टिकट खरीदकर शो में पहुंचने के जज्बे की तारीफ की फिर एक घुटने पर बैठकर उनके सामने सिर झुकाया और उन्हें गले लगाया. उन्होंने दोनों को गिफ्ट और उनकी टी-शर्ट पर ऑटोग्राफ दिए. दिलजीत के इस अंदाज की सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है. फैंस का कहना है कि उन्होंने अपने चाहने वालों के प्रति सम्मान और जुड़ाव की

# दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बने



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह शनिवार को दूसरी बार माता-पिता बन गए हैं। दीपिका ने दूसरी बार बेटी को जन्म दिया है।

कपल ने इंस्टाग्राम पोस्ट में न्यूबॉर्न बेबी गर्ल के फुट प्रिंट शेयर किए हैं। गुड न्यूज शेयर करते हुए उन्होंने पोस्ट में नजर इमोजी भी बनाई है। कपल ने 19 अप्रैल को दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर उनकी बेटी दुआ की एक तस्वीर शेयर की गई थी, जिसमें बेटी ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़ी हुई है, जो पॉजिटिव रिजल्ट दिखा रहा है। तस्वीर में रणवीर बेटी को गोद में लिए हुए हैं। हालांकि, उनका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था। वहीं, तस्वीर में दुआ का आधा चेहरा नजर आ रहा था। बता दें कि दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर 2024 को अपनी बेटी दुआ के जन्म की जानकारी दी थी। उस समय उन्होंने लिखा था, ह्यवेलकम बेबी गर्ल। 8 सितंबर 2024। दीपिका और रणवीर ह्ल

इससे पहले फरवरी 2024 में दीपिका ने प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दोनों की लव स्टोरी 2013 में फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' के सेट से शुरू हुई थी। कई सालों तक रिश्ते में रहने के बाद दोनों ने 2018 में इटली में शादी की थी। रणवीर और दीपिका ने 8 सितंबर 2026 को अपनी फैमिली फोटोज शेयर की थीं। यह तस्वीरें उन्होंने अपनी बड़ी बेटी दुआ के दूसरे जन्मदिन के मौके पर अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की थीं।

# भाषा की ट्रोलिंग पर रश्मिका ने दिया जवाब




एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के दौरान अपने एक्सेंट और भाषा को लेकर होने वाली ट्रोलिंग पर जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि वह किसी एक भाषा में जरूरी नहीं कि बहुत अच्छी हों। उनका सफर अलग-अलग भाषाओं और किरदारों के हिसाब से लगातार ढलने का रहा है। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में रश्मिका ने कहा कि वह हर भाषा को अपनी भाषा मानती हैं। रश्मिका ने कहा, ह्लमैं कोडवा हूं और कोडवा तक्क बोलती हूं। मेरी मातृभाषा के लिए कोई फिल्म इंडस्ट्री नहीं है। इसलिए भाषा मेरे करियर में कभी रुकावट नहीं बनी। उन्होंने कहा, ह्लमैं सभी भाषाओं को अपनी भाषा मानती हूं। मेरे फैंस, जिन्हें मैं अपना परिवार कहती हूं, उन्होंने सबसे पहले मुझसे तेलुगु फिल्म करने को कहा था ह्व रश्मिका ने बताया कि हिंदी को लेकर भी ऐसा ही हुआ। इसी तरह उनका करियर अलग-अलग भाषाओं में आगे बढ़ता गया। जब उनसे एक्सेंट को लेकर लोगों की प्रतिक्रियाओं के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अलग तरह से बोलने को लेकर लोगों की राय सुनने की अब उन्हें आदत हो गई है। रश्मिका ने कहा, ह्लजब तक मैं किसी भाषा में पूछे गए सवालों का जवाब दे सकती हूं, तब तक ठीक है। इसी तरह मैं दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से आए अपने दर्शकों का सम्मान करती हूं। उन्होंने आगे कहा, ह्लमैं हर काम में हाथ आजमाने वाली हूं, लेकिन किसी एक काम में मास्टर नहीं हूं।

रश्मिका ने कहा कि फिल्मों में अपने एक्सेंट को लेकर होने वाली बेवजह की चचाओं पर वह ज्यादा ध्यान नहीं देतीं। इसके बजाय, वह अपने किरदार को पूरी क्षमता से निभाने पर ध्यान देती हैं।


उन्होंने कहा, एक्ट्रेस के तौर पर मेरा काम सेट पर अच्छी कहानियां सुनाना और फिर वापस आना है। हर फिल्म के साथ मेरा मानना है कि हममें से सबसे अच्छा हिस्सा कुछ जादुई बनाने के लिए साथ आता है। रश्मिका ने कहा, ह्लमैं अपने काम पर ध्यान देती हूं। फिल्म का नतीजा इन सभी लोगों की ऊर्जा के साथ आने का परिणाम होता है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

टीचरः संजू, बताओ इतिहास किसे कहते हैं?
संजूः सर, जब पुराने जमाने के लोग
कांड करके मर जाते थे और
हमें अब उन्हें याद करना पड़ता है,
उसी को इतिहास कहते हैं।
टीचरः चुप कर! गधे कहीं के।

ये दोस्त हर खुशी
तेरी तरफ मोड़ दूं।
तेरे लिए चांद तारे तक तोड़ दूं।
खुशियों के दरवाजे तेरे लिए खोल दूं।
इतना काफी है या
दो-चार झूठ और बोल दूं। ??



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. सिंह, शेर-3
6. कृषि पैदावार-3
7. कमल सरोवर-5
8. बारीक-3
10. जरा, थोड़ा-2
12. वाराणसी-4
15. टूटना, तड़कना-4
17. शराब, मदिरा-2
19. बुद्धि, मति-3
21. सेवा, चाकरी, देखभाल-5
23. कर्म, भाग्य-3
24. यज्ञ, होम-3

**ऊपर से नीचे**

2. आक्रमणकारी-5
3. समा, माहौल-3
4. आर्द्रता, नमी-3
5. चट्टान (अंग्रेजी-2)
6. अंतर, फर्क-3
9. षष्ठीपूर्ति, 60 वर्ष पूरे होना-3
11. नशा, खुमार-2
13. नरम, मुलायम-3
14. एक जैसा, समान-2
16. सार-संभाल-2,3
18. अनाथ, बेसहारा-3
19. खालिस, शुद्ध-3
20. फालिज, पक्षाघात-3
22. क्रोध, खोज, गुस्सा-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | | 25 | | 10 | | 1 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 10 | | 3 | | 15 | = | 0 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 10 | | 29 | | 15 | = | 31 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 10 | | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 23 | | 10 | | 10 | = | 19 / 21 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में करीना कपूर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

---------------

ऐतराज, अशोका, चुप चुप के, दोस्ती, बेवफा, तलाश, अजनबी, मुझे कुछ कहना है, रीफ्युजी, ओमकारा.

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | | | 2 | |
| 6 | 31 | | 28 | 3 | 30 | 1 |
| 5 | | 3 | 4 | | | 7 |
| | 27 | 4 | 26 | | 39 | |
| 2 | | | 1 | 6 | | 4 |
| | 34 | 6 | 35 | | 40 | |
| 3 | 7 | | | 5 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


**माथा पच्ची का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | + | 77 | - | 47 | + | 61 | = | 120 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 68 | - | 25 | + | 39 | + | 13 | = | 95 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | + |
| 25 | x | 5 | + | 5 | + | 12 | = | 37 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 31 | + | 20 | - | 44 | x | 7 | = | 49 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 41 | + | 37 | - | 47 | + | 43 | = | [illegible] |

**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | 23 | 1 | 26 | 6 | 40 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 38 | 4 | 24 | 4 | 29 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 47 | 7 | 35 | 7 | 26 | 2 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकु नवताल

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश में भी तुर्किये की ड्रोन यूनिट

पाकिस्तान के बाद अब तुर्किये बांग्लादेश में भी अपनी रक्षा तकनीक का दायरा बढ़ा रहा है। दोनों देश मिलकर ड्रोन बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए बोगुरा में ड्रोन बनाने की फैक्ट्री लगाई जाएगी। इस फैक्ट्री पर करीब 25 हजार करोड़ रुपए खर्च होने की बात कही गई है। तुर्किये बांग्लादेश को ड्रोन बनाने की तकनीक भी देगा। बोगुरा भारत की सीमा से करीब 75 किलोमीटर दूर है। बोगुरा बांग्लादेश के उत्तरी हिस्से में है। जिस इलाके में ड्रोन फैक्ट्री बनाने की योजना है, उसके पास ही बांग्लादेश एयरफोर्स का नया एयरबेस भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा बोगुरा एयरपोर्ट को भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक विकसित करने की योजना है। भारत के लिए यह इलाका इसलिए अहम है क्योंकि भारत और बांग्लादेश के बीच करीब 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा है।

### एक्सपर्ट बोले- भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में खतरा बढ़ेगा

आईबी के एक्स जॉइंट डायरेक्टर अविनाश मोहनानी के मुताबिक, भारत की किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है। इसकी लंबाई करीब 4 हजार किलोमीटर है। दुनिया के दो देशों के बीच मौजूद लंबी जमीन वाली सीमाओं में यह 5वीं सबसे लंबी सीमा मानी जाती है। मोहनानी के मुताबिक, बांग्लादेश और तुर्किये के बीच बढ़ता रक्षा



सहयोग भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए चिंता बढ़ा सकता है। बांग्लादेश भारत से लगी सीमा पर ड्रोन तैनात करने की योजना भी बना रहा है। इसके अलावा वह सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान के बीच हुए मक्का रक्षा करार में भी शामिल होना चाहता है। इसमें पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।

### तुर्किये ने ड्रोन तकनीक को कई देशों तक पहुंचाया

तुर्किये दुनिया में अपने सैन्य ड्रोन के लिए जाना जाता है। इनमें बायरक्तार टीबी2 सबसे प्रमुख ड्रोन है। तुर्किये ने अपनी ड्रोन तकनीक कई देशों को दी है। बांग्लादेश के साथ भी पिछले कुछ समय से ड्रोन तकनीक को लेकर सहयोग बढ़ा है। द डिप्लोमैट ने जून 2026 में रिपोर्ट किया था कि दोनों देशों के रक्षा सहयोग में ड्रोन एक अहम हिस्सा हैं। दोनों देश सैन्य उपकरणों को मिलकर बनाने की संभावना पर भी चर्चा कर रहे हैं। बांग्लादेश पहले से ही तुर्किये के बनाए सैन्य उपकरणों का इस्तेमाल करता है। इनमें ओटोकर




कंपनी के कोबरा सीरीज के बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। ओटोकर के मुताबिक, कोबरा-2 बख्तरबंद वाहन का इस्तेमाल दुनिया के 20 से ज्यादा देशों की सेनाएं करती हैं।

### तुर्किये की ड्रोन बनाने वाली कंपनी पाकिस्तान में भी है

तुर्किये और पाकिस्तान के बीच भी ड्रोन और रक्षा तकनीक पर सहयोग लगातार बढ़ा है। तुर्किये की ड्रोन बनाने वाली कंपनी बायकर पाकिस्तान में पहले से मौजूद है। 2023 में बायकर की पाकिस्तानी सहायक कंपनी ने नेशनल एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी पार्क (ठअरळढ) में रिसर्च एंड डेवलपमेंट गतिविधियों के लिए समझौता किया था। पाकिस्तान और तुर्किये ने एयरोस्पेस, ड्रोन और रक्षा उत्पादन में संयुक्त उपक्रम और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को लेकर भी बातचीत की है।

---

**3 साल की जंग में टैंक भी घिसे, बोइंग से 12 अपाचे हेलिकॉप्टर की डील भी अटकी**

# रिपोर्ट- इजराइली सेना में हथियार-सैनिक कम पड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

इजराइल में सेना के पास कुछ हथियारों और सैनिकों की कमी हो गई है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। अखबार मारिव के मुताबिक 3 साल की जंग में इजराइली सेना ने जितना गोला-बारूद इस्तेमाल किया, वह पिछले 30 साल में इस्तेमाल किए गए गोला-बारूद के बराबर था। इस वजह से बड़ी संख्या में टैंक घिस गए हैं और वे इस्तेमाल के लायक नहीं रह गए हैं। सैनिकों की भी गंभीर कमी है। उनकी छुट्टियां रोक दी गई हैं। वहीं, चैनल 12 ने बताया कि अमेरिकी कंपनी बोइंग से 12 अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर की खरीद बजट में कमी की वजह से रुक गई है।

अक्टूबर 2023 में हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा में सैन्य अभियान शुरू किया था। इसके बाद लड़ाई का दायरा गाजा से आगे बढ़ा। इजराइल ने लेबनान और ईरान में भी सैन्य कार्रवाई की। वेस्ट बैंक और सीरिया में भी उसकी सैन्य कार्रवाई जारी रही। इस दौरान सेना को एक से ज्यादा मोर्चों पर टैंक, बख्तरबंद वाहन, गोला-बारूद और दूसरे सैन्य उपकरण लगातार इस्तेमाल करने पड़े।

अमेरिका हर साल इजराइल को औसतन 3.8 अरब डॉलर (करीब 29 हजार करोड़ रुपए) की सैन्य मदद देता है। इस मदद से इजराइल अमेरिका से लड़ाकू विमान, हथियार और दूसरे सैन्य उपकरण खरीद सकता है। अमेरिकी संसदीय रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका से सबसे ज्यादा विदेशी सहायता पाने वाला देश रहा है।



### एक्सपर्ट बोले- इजराइल के हथियार खत्म नहीं हुए, भंडार घटा

रक्षा विश्लेषक हमजा अत्तार ने अल जजीरा से बातचीत में कहा कि इजराइली सेना के पास हथियारों की ऐसी कमी नहीं है कि वह युद्ध लड़ने की स्थिति में न हो। उनके मुताबिक, इजराइल आमतौर पर जरूरत से ज्यादा हथियारों का भंडार रखता है। तीन साल की जंग में हथियारों और सैन्य उपकरणों का इस्तेमाल हुआ है। इसलिए सेना अब खर्च हुए और क्षतिग्रस्त हथियारों की जगह नए हथियार लाकर अपना भंडार फिर से बढ़ाना चाहती है। इसके लिए उसे ज्यादा बजट की जरूरत है। यानी यहां हथियारों की कमी का मतलब यह नहीं है कि इजराइल के पास युद्ध लड़ने के लिए हथियार ही नहीं बचे हैं। इसका मतलब यह भी हो सकता है कि सेना अपने हथियारों का भंडार उस स्तर पर बनाए रखना चाहती है, जिसे वह लंबे युद्ध के लिए जरूरी मानती है।

### अमेरिका-यूरोप पर दबाव बनाने की रणनीति भी हो सकती है

अत्तार का एक और तर्क है कि हथियारों की कमी से जुड़ी ये खबरें अमेरिका और यूरोप पर हथियारों की सप्लाई तेज करने का दबाव बनाने का काम भी कर सकती हैं। इजराइल में यह चिंता बढ़ रही है कि अमेरिका में उसके समर्थन को लेकर लोगों की सोच बदल सकती है। ऐसे में इजराइल भविष्य में अमेरिकी नीति में बदलाव होने से पहले हथियारों के सौदों को जल्दी पूरा करना चाहता है। अत्तार ने इसी संदर्भ में अमेरिकी हथियारों की संभावित नई बिक्री की रिपोर्टों का उदाहरण दिया। उनका कहना है कि हथियारों की कमी की खबरें सामने आने से अमेरिका और यूरोप से मिलने वाली सैन्य मदद को जल्द बढ़ाने की जरूरत का संदेश भी जा सकता है।



### सैनिकों की कमी भी बड़ी समस्या

इजराइल में एक ऐसा तबका है, जिसकी आबादी बढ़ रही है, लेकिन सेना में उसकी भागीदारी अब भी बहुत कम है। ये हैं हारेदी यानी अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स यहूदी। तीन साल से चल रही जंग के बीच जब सेना को ज्यादा सैनिकों की जरूरत महसूस हो रही है, तब हारेदी युवाओं की भर्ती सबसे बड़े विवादों में से एक बन गई है।

### 1948 से मिल रही थी छूट, अब कोर्ट ने कहा- सेना में जाओ

इजराइल बनने के बाद से धार्मिक पढ़ाई में पूरी तरह लगे हारेदी पुरुषों को सैन्य सेवा से छूट मिलती रही। उनका तर्क रहा है कि धार्मिक शिक्षा और तोराह का अध्ययन उनके जीवन का मुख्य हिस्सा है। यह व्यवस्था दशकों तक चलती रही। लेकिन 2024 में इजराइल की सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि हारेदी पुरुषों को सेना से सामूहिक छूट देने का कोई कानूनी आधार नहीं है। कोर्ट के फैसले के बाद सेना ने उन्हें भी सामान्य भर्ती प्रक्रिया में शामिल करना शुरू किया। इसके बाद मामला सिर्फ सेना और युवाओं के बीच नहीं रहा। हारेदी धार्मिक नेताओं और उनके समर्थकों ने भर्ती का विरोध किया। कई जगह प्रदर्शन हुए और कुछ युवाओं ने भर्ती नोटिस का जवाब देने से इनकार कर दिया। वजह यह बताई गई कि सेना में जाने से उनकी धार्मिक जीवनशैली और धार्मिक पढ़ाई प्रभावित होगी।

---

# अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में दूतावासों को अलर्ट भेजा, डोनाल्ड ट्रम्प छुट्टी खत्म होने से पहले व्हाइट हाउस लौटे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में अपने दूतावासों और नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच लोगों से ज्यादा सतर्क रहने को कहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपना कैंप डेविड दौरा एक दिन पहले खत्म कर शनिवार शाम व्हाइट हाउस लौट आए। ट्रम्प की जल्दी वापसी की वजह व्हाइट हाउस ने नहीं बताई है। वहीं, रशिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी इ-1इ लांसर बॉम्बर ने ब्रिटेन के फ्अऋफेयरफोर्ड एयरबेस से फुल आफ्टरबर्नर के साथ उड़ान भरते हुए मिडिल-ईस्ट की तरफ रवाना हुआ है।

ईरान के प्रेस ने भी उत्तर-पूर्वी सीरिया के अल-हसकाह में खाराब अल-जिर एयरबेस के पास एयर डिफेंस एक्टिविटी की जानकारी दी है। ब्रिटिश एयरबेस से अमेरिकी विमान के रवाना होने का वीडियो भी शेयर किया।

### 9 देशों में अमेरिकी नागरिकों को सावधानी की सलाह

अमेरिका ने इराक, बहरीन, ओमान, सऊदी अरब, ईरान, कतर, लेबनान, कुवैत और जॉर्डन में रह रहे अपने नागरिकों को सावधान रहने को कहा है। अमेरिका ने कहा कि मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष तेजी से बढ़ सकता है। इसलिए इन देशों की यात्रा करने वाले अमेरिकियों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अमेरिकी नागरिकों से कहा गया है कि वे फ्लाइट और एयरपोर्ट से जुड़ी ताजा जानकारी देखते रहें।

ईरान ने चल रही जंग खत्म करने के लिए अमेरिका के सामने 7 शर्तें रखी हैं। ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका ने उसकी मांगें नहीं मानीं तो वह जंग जारी रखने के लिए तैयार है। ईरान के सुरक्षा प्रमुख मोहसिन रेजाई ने अल जजीरा से कहा कि कतर ने मध्यस्थ के तौर पर ईरान की शर्तें अमेरिका तक पहुंचा दी हैं। अब ईरान ट्रम्प के जवाब का इंतजार कर रहा है।



रेजाई के मुताबिक, ईरान की मांगों में सभी मोर्चों पर युद्ध रोकना, विदेशों में फ्रीज किए गए ईरानी फंड जारी करना और नौसैनिक नाकाबंदी खत्म करना शामिल है। सऊदी अरब ने कहा कि हूतियों ने उसकी राजधानी रियाद पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला करने की कोशिश की। सऊदी सेना के मुताबिक, उसने मिसाइलों को रास्ते में ही रोक दिया। हूती प्रवक्ता याह्या सरी ने कहा कि संगठन ने सऊदी अरब पर कई बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ ड्रोन भी भेजे।

---

## पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 3 साल में 7 गुना, 3 से 26 अरब डॉलर पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले 3 साल में करीब 7 गुना बढ़कर 26.79 अरब डॉलर पहुंच गया है। जनवरी 2023 में पाकिस्तान के पास डॉलर की भारी कमी थी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान का रिजर्व सिर्फ 3.08 अरब डॉलर रह गया था। अब 11 सितंबर 2026 तक स्इढ के पास विदेशी मुद्रा भंडार 21.39 अरब डॉलर पहुंच गया है। यह एसबीपी के इतिहास का सबसे ऊंचा स्तर है। एसबीपी के साथ दूसरे बैंकों के पास मौजूद विदेशी मुद्रा को जोड़ने पर पाकिस्तान का कुल रिजर्व 26.79 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि, इस बढ़ोतरी में पाकिस्तान की कमाई से ज्यादा विदेशी कर्ज और बाहरी फंड की भूमिका है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेशी मुद्रा भंडार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने पर वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब, स्टेट बैंक के गवर्नर जमील अहमद और अपनी आर्थिक टीम की तारीफ की। उन्होंने विदेशों में रहने वाले पाकिस्तानियों को भी इस उपलब्धि में योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

---

# पाकिस्तान में सेना और आतंकियों की मुठभेड़, 20 घंटे गोलीबारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट में सेना और उग्रवादियों के बीच 20 घंटे तक मुठभेड़ चली। शनिवार को प्रांत की पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन में 8 उग्रवादी मारे गए और इसके साथ ही मुठभेड़ खत्म हो गई।


ये वही उग्रवादी थे, जिन्होंने एक दिन पहले विस्फोटकों से भरी कार पुलिस परिसर की मस्जिद के गेट से भिड़ा दी थी और फिर गोलीबारी शुरू कर दी थी। इस हमले में अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 16 पुलिसकर्मी हैं। 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। क्रवार दोपहर पुलिसकर्मी और उनके परिवार के लोग परिसर के अंदर बनी मस्जिद में नमाज पढ़ रहे थे। इसी दौरान हमलावर विस्फोटकों से भरी कार लेकर पहुंचे और उसे मस्जिद की दीवार से टकरा दिया। तेज धमाके के बाद कुछ हमलावरों ने परिसर में घुसकर पुलिस और सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। धमाके से मस्जिद की दीवारें गिर गईं और कई लोग मलबे में दब गए। घटनास्थल की तस्वीरों में बड़ी संख्या में ईंट-पत्थर और टूटी दीवारें दिखाई दीं। हमले की जगह कोहाट का ओल्ड पुलिस लाइंस परिसर था। यह सामान्य पुलिस चौकी नहीं, बल्कि जिला स्तर का बड़ा पुलिस मुख्यालय है। यहां काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट स्पेशल ब्रांच और पुलिस की दूसरी इकाइयों के दफ्तर हैं। हमले के बाद कुछ हमलावर परिसर की स्पेशल ब्रांच की इमारत में छिप गए थे। पुलिस और उनके बीच रात में भी गोलीबारी हुई। हमले के बाद सुरक्षा कारणों से कोहाट-हंगू रोड को भी बंद कर दिया गया था।

---

**सऊदी की राजधानी में जारी हुआ रेड अलर्ट**

# रियाद एयरपोर्ट के पास काला धुआं उठा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रियाद



सऊदी अरब की राजधानी रियाद में शनिवार को किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आग और काले धुएं का बड़ा गुबार दिखा। सऊदी ने पुष्टि की है कि यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार सुबह राजधानी रियाद पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला करने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने मिसाइल को रास्ते में ही रोक दिया गया। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, कई उड़ानों में काफी देरी हुई और कुछ उड़ानें रद्द की गईं। आग और धमाकों की वजह अभी साफ नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एयरपोर्ट के पास एक फ्यूल टैंक में आग लग गई थी। हालांकि, आग लगने और धमाकों की वजह स्पष्ट नहीं है।

हूतियों ने कहा था वो कि लाल सागर में सऊदी के जहाजों और सऊदी का तेल ले जाने वाले जहाजों को वे अब भी टारगेट करेंगे। हूतियों की दलील है कि यमन पर सऊदी अरब की नाकेबंदी और सैन्य कार्रवाई के चलते उसके जहाजों को निशाना बनाना उनका अधिकार है। सऊदी अरब और हूती लड़ाकों के बीच यह जंग असल में ताकत, सुरक्षा और इलाके में अपने दबदबे की लड़ाई है। हूती यमन की सत्ता पर पूरा कब्जा चाहते हैं, जबकि सऊदी अरब अपने पड़ोस में किसी भी ऐसे हथियारबंद गुट को बर्दाश्त नहीं करना चाहता। सऊदी अरब और यमन की सीमा आपस में सटी हुई है। सऊदी हमेशा से चाहता रहा है कि उसके बॉर्डर पर शांति रहे। लेकिन हूतियों के पास भारी हथियार, मिसाइलें और लड़ाकू ड्रोन आ गए हैं।

### हूतियों से सऊदी को अकेले लड़ना पड़ सकता है

पिछले हफ्ते हूतियों ने यमन के पश्चिमी हिस्से में लाल सागर के किनारे का बड़ा इलाका अपने कब्जे में ले लिया। सऊदी अरब को उम्मीद थी कि अमेरिका उसके साथ खड़ा होगा। लेकिन अमेरिका ने अब तक हूतियों के खिलाफ सऊदी के समर्थन में कोई सीधी सैन्य कार्रवाई नहीं की है। अमेरिका ने जरूर कहा है कि हूतियों की गतिविधियां बाब अल-मंदब स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही के लिए खतरा हैं। अमेरिका पहले से ईरान के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। ईरान हूतियों का समर्थन करता है। ऐसे में अगर अमेरिका यमन में सीधे उतरता है तो उस पर एक और सैन्य मोर्चे का दबाव बढ़ सकता है।

---

**ट्रम्प ने डेनमार्क से ग्रीनलैंड को लेकर डील की:आजादी के बाद भी अमेरिकी सेना वही रहेगी**

# 9 महीने पहले कब्जे की धमकी दी थी, रूस नहीं बना सकेंगे सैन्य अड्डा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत ग्रीनलैंड में अमेरिकी सेना की मौजूदगी बढ़ेगी और रूस-चीन जैसे गैर-नाटो देशों को वहां सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति नहीं होगी।

यह समझौता ग्रीनलैंड के भविष्य में आजाद होने की स्थिति में भी लागू रहेगा। डेनमार्क के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि समझौते से डेनमार्क और ग्रीनलैंड की संप्रभुता बरकरार रहेगी। ग्रीनलैंड अभी डेनमार्क के अधीन एक स्वशासित क्षेत्र है। ट्रम्प ने जनवरी में कहा था कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का कंट्रोल होना जरूरी है और वे इससे कम कुछ भी मंजूर नहीं करेंगे। वे अपने पहले कार्यकाल से ही ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने की बात करते रहे हैं।

समझौते की पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारें अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान इस पर हस्ताक्षर करेंगी। इसे लागू करने के लिए डेनमार्क और ग्रीनलैंड के संसदों की मंजूरी जरूरी होगी। ट्रम्प के मुताबिक, समझौते में ग्रीनलैंड में अमेरिका के विरोधी देशों के सैन्य अड्डे बनाने पर रोक होगी। इसके अलावा, ग्रीनलैंड के संवेदनशील इलाकों में कोई बड़ा निवेश अमेरिका की लिखित मंजूरी के बिना नहीं किया जा सकेगा। ग्रीनलैंड नाटो क्षेत्र में आता है। ऐसे में रूस और चीन जैसे गैर-नाटो देशों की सैन्य मौजूदगी रोकने वाला यह प्रावधान अमेरिका के लिए रणनीतिक तौर पर अहम माना जा रहा है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका



ग्रीनलैंड में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करेगा। उनके मुताबिक, वहां कई ऐसी जगहें हैं जहां अमेरिकी सेना की मौजूदगी बढ़ाई जा सकती है। शीत युद्ध के दौरान अमेरिका के ग्रीनलैंड में एक दर्जन से ज्यादा सैन्य ठिकाने थे। बाद में इनमें से ज्यादातर बंद कर दिए गए। फिलहाल वहां अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस मौजूद है। हाल के हफ्तों में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के ग्रीनलैंड का दौरा करने से पुराने सैन्य ठिकानों को दोबारा खोलने की संभावनाएं भी देखी हैं।

### ग्रीनलैंड में 1951 से है अमेरिकी सेना

ग्रीनलैंड में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी नई नहीं है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने पहली बार यहां सैन्य मौजूदगी बनाई थी। 1951 में अमेरिका और डेनमार्क के बीच एक रक्षा समझौता हुआ। इसके तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाने चलाने और अपनी सेना की गतिविधियां करने की काफी आजादी मिली। इस समझौते में नाटो देशों की सेनाओं को भी ग्रीनलैंड में पहुंच की अनुमति थी। हालांकि, रूस या चीन जैसे देशों की सैन्य मौजूदगी पर साफ रोक नहीं थी। ग्रीनलैंड लंबे समय से ज्यादा स्वायत्तता और आजादी की मांग करता रहा है। वहां कई लोग इसे स्वतंत्र देश बनाना चाहते हैं। अभी इसकी रक्षा की जिम्मेदारी डेनमार्क के पास है। ट्रम्प प्रशासन की चिंता रही है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड स्वतंत्र देश बन जाता है, तो अमेरिका की मौजूदा सैन्य पहुंच पर क्या असर पड़ेगा।

■ वर्ष-12 अंक-317 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

अव्याकरणमधीतं भिन्नद्रोण्या तरंगिणी तरणम्।
भेषजमपथ्यसहितं त्रयमिदमकृतं वरं न कृतम्।।

**भावार्थ** : बिना व्याकरण के पढ़ना, टूटी हुई नाव से नदी पार करना और अनुपयुक्त आहार के साथ दवा लेना झ ऐसा करने से बेहतर है कि इसे न करें।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 20 सितम्बर, 2026

## न्यायालयेन उक्तं यत् यदि केन्द्रसर्वकारः निर्धारितकालान्तरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एतस्याः पृष्ठभूमितः उच्चन्यायालयेन राष्ट्रियस्तरीयनीतेः आवश्यकतां बोधयित्वा केन्द्राय समयबद्धकार्याणि कर्तुं निर्देशः दत्तः। नीतिः न निर्मितः चेत् याचिकाकर्ता न्यायालयं प्रति प्रत्यागन्तुं शक्नोति जनहितमुकदमस्य निपटनं कुर्वन् उच्चन्यायालयेन याचिकाकर्ता महत्त्वपूर्णा स्वतन्त्रता प्रदत्ता। न्यायालयेन उक्तं यत् यदि केन्द्रसर्वकारः निर्धारितकालान्तरे राज्येभ्यः नीतिं निमातुं प्रसारयितुं च असफलः भवति, अथवा यदि निर्धारितसमयान्तरे मध्यप्रदेशे नीतिं न सूचितं भवति तर्हि याचिकाकर्ता पुनः न्यायालयस्य समीपं गन्तुं शक्नोति। एषः प्रावधानः आदेशस्य अनुपालनस्य निरीक्षणार्थं।

दानं प्रियवाक्सहितं ज्ञानमगर्व क्षमान्वितं शौर्यम्।
वित्तं दानसमेतं दुर्लभमेतत् चतुष्टयम्।।

**भावार्थ** : प्रेम वचन से दिया हुआ दान, अहंकार रहित ज्ञान, क्षमाशील वीरता और दान की इच्छा से धन–ये चारों दुर्लभ हैं।

## सम्पादकीयम्

### संविधानस्य अनुच्छेदः

अतिरिक्त-आरोपाणां अन्वेषणं अत्यावश्यकम्, यतः एषः विषयः सामान्यनागरिकाणां संवैधानिक-अधिकारस्य विषये वर्तते। संविधानस्य अनुच्छेदः १९(१)(क) नागरिकेभ्यः वाक-अभिव्यक्ति-स्वतन्त्रतां ददाति। पूर्वेषु अनेकेषु निर्णयेषु सर्वोच्चन्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् शान्तिपूर्णविरोधाः लोकतन्त्रस्य अभिन्नः भागः अस्ति। यदि जनसमूहः सर्वकारीयनीतिषु, तस्य कार्यक्षमतायाः, अन्यस्य वा विषये असन्तुष्टिं धारयति तर्हि विरोधद्वारा स्वविचारं प्रकटयितुं तेषां अधिकारः अस्ति विधिस्य व्याप्तिः। यद्यपि एते अधिकाराः निरपेक्षाः न सन्ति तथा च लोकव्यवस्थायाः सुरक्षायाश्च हिताय उचितप्रतिबन्धाः आरोपिताः भवितुम् अर्हन्ति तथापि तदर्थं स्पष्टानि आधाराणि समुचितप्रक्रियाश्च भवितुमर्हन्ति यदि विधिव्यवस्थायाः विषयः उत्पद्यते तर्हि संकल्पः अपि कानूनस्य परिधिमध्ये एव तिष्ठति। प्रशासनस्य दायित्वं विरोधं वा प्रदर्शनं वा बाधितुं न भवति, अपितु व्यवस्थितरूपेण तस्य संचालनं सुनिश्चितं कर्तुं भवति। असहमतिः अपि अत्यावश्यकी अस्ति। महिला आन्दोलनकारिणां लक्ष्यीकरणसम्बद्धानां आरोपानाम् अन्वेषणं समितिः करिष्यति इति महत्त्वपूर्णम्; अयं विषयः स्त्रियाः गौरवस्य, गौरवस्य च विषयः अस्ति। विरोधस्य समये ये केचन भिडियाः उद्धृताः ते विक्षोभजनकाः सन्ति, तस्य तलपर्यन्तं गन्तुं च महत्त्वपूर्णम् अस्ति। समग्रतया एषा जिज्ञासा केवलं अस्मिन् विशिष्टे प्रसङ्गे पुलिसस्य भूमिकायाः दृष्ट्या न द्रष्टव्या; तस्य व्यापकाः प्रभावाः भविष्यन्ति। संवादः–न तु लाठी–नवपीढीया उत्थापितप्रश्नानां उत्तरम्।

### राष्ट्रस्य सैनिकानाम् कृते प्रमुखं उपहारम्ः

# बहादुरीपुरस्कारप्राप्ताः परिवाराः च आजीवनं निःशुल्कं एसीरेलयात्राम् प्राप्नुवन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

रक्षामन्त्रालयेन राष्ट्रस्य रक्षणे अदम्यसाहसः, शौर्यं, त्यागं च प्रदर्शितवन्तः सैनिकाः-तेषां परिवाराणां च सम्मानार्थं महत्त्वपूर्णः निर्णयः कृतः अस्ति। देशस्य कृते असाधारणं साहसं प्रदर्शितवन्तः सैनिकाः अधुना भारतीयरेलमार्गेण आजीवनं निःशुल्कयात्रायाः अधिकारिणः भविष्यन्ति। अस्य प्रक्रिया सम्पूर्णतया अङ्कीयरूपेण कृता अस्ति। रक्षामन्त्रालयेन भारतीयरेलवे-विशेषतः प्रथमश्रेणी, द्वितीयएसी, एसी चेयरकार च श्रेणीषु-सेनापदकं, नौसेनापदकं, वायुसेनापदकं च पुरस्कृतानां सैनिकानाम् आजीवनं निःशुल्कयात्रासुविधाः अनुमोदिताः सन्ति एषा सुविधा सैनिकानाम् पतिपत्न्यः, विधवाः वा विधवाः (पुनर्विवाहपर्यन्तं), अविवाहितानां मरणोत्तरपुरस्कारप्राप्तानाम् मातापितरौ च यावत् विस्तृता अस्ति।

सेना बुधवासरे घोषितवती यत् एतस्य सर्वकारस्य अनुमोदनस्य कार्यान्वयनार्थं सुविधाजनकं, कागदरहितं डिजिटलप्रक्रिया कल्पिता अस्ति। पात्रलाभार्थिनः भारतीयरेलवेरियायतकार्डपोर्टलद्वारा ऑनलाइन पञ्जीकरणं कर्तुं शक्नुवन्ति। सत्यापनस्य अनन्तरं ई-पासाः ऑनलाइन निर्गताः भविष्यन्ति, तथा च जालपुटद्वारा टिकटबुकिंग् २०२६ तमस्य वर्षस्य नवम्बर-मासस्य प्रथमदिनात् आरभ्यते। एकः सहचरः निःशुल्कयात्राम् अपि कर्तुं शक्नोति सैनिकेभ्यः प्रदत्तायाः सुविधायाः अन्तर्गतं लाभार्थिनः सह एकः सहचरः अपि निःशुल्कं यात्रां कर्तुं शक्नोति। एषः लाभः केवलं 'बहादुरी'-वर्गस्य पदकेषु एव प्रवर्तते, न तु 'विशिष्टसेवा'-वर्गे; अर्थात् सेनापदकस्य (विशिष्टसेवा)



प्राप्तकर्तारः अस्मिन् व्याप्तेः अन्तः न पतन्ति।

निर्णयः कथं प्रगतिशीलः एषः निर्णयः रात्रौ एव न कृतः। प्रस्तावः २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य १६ दिनाङ्के आधिकारिकपत्राचारद्वारा रक्षामन्त्रालयाय प्रदत्तः, तदनन्तरं मन्त्रालयेन अनुमोदितः। तदनन्तरं सेनायाः एडजुटेण्ट् जनरल शाखा रक्षालेखानां महानियन्त्रकस्य सहकार्यं कृत्वा कार्यान्वयनरूपरेखां स्थापयितुं आरब्धा २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य अन्ते रेलमन्त्रालयेन रक्षामन्त्रालयेन सह परामर्शं कृत्वा औपचारिकः आदेशः जारीकृतः। तदनन्तरं 17 अगस्त 2026 दिनाङ्कस्य पत्रे रेलवेमण्डलेन प्रस्तावः कृतः यत् पञ्जीकरणप्रक्रिया 15 सितम्बर 2026 दिनाङ्के आरभ्यत, टिकटबुकिंगसुविधा च नवम्बं 1, 2026 यावत् कार्यान्विता भवतु। तस्मिन् एव पत्रे उक्तं यत् तथा संयुक्तरूपेण मॉड्यूलस्य विकासं करिष्यन्ति यत्र मन्त्रालयात् अग्रिमनिक्षेपस्य प्रावधानं समावेशितम् अस्ति, यस्य विरुद्धं पात्रपुरस्कारप्राप्ताः टिकटं बुकं कर्तुं शक्नुवन्ति स्म। पात्रलाभार्थिनः ऑनलाइन-मञ्चेषु, कम्प्यूटरीकृत-पीआरएस-काउण्टरेषु च आरक्षित-टिकटं बुकं कर्तुं शक्नुवन्ति स्म। शौर्य चक्र पुरस्कारविजेताओं के साथ समता अस्य सर्वकारीयनिर्णयस्य यथार्थं महत्त्वं प्राधान्यक्रमे एव अस्ति। वीरचक्रस्य शौर्यचक्रस्य च अनन्तरं सेनापदकं, नाओसेनापदकं, वायुसेनापदकं (गैलन्ट्री) च प्राधान्यक्रमेण चतुर्थस्थानं प्राप्नुवन्ति। यद्यपि केन्द्रसर्वकारः शौर्यपुरस्कारप्राप्तानाम् विभिन्नलाभान् प्रदाति-यथा आर्थिकसहायता, विमान-रेलयात्रा-रियायताः, तेषां बालकानां कृते शैक्षिक-आरक्षणं च-राज्यसर्वकाराः स्वस्वनीतिषु अतिरिक्तलाभान् प्रदास्यन्ति।

### ओपनएआई-सङ्घस्य

## मुख्याधिकारी सैम आल्टमैन् इत्यनेन अपि कतिपयानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ओपनएआई-सङ्घस्य मुख्याधिकारी सैम आल्टमैन् इत्यनेन अपि कतिपयानां अत्याधुनिकानाम् एआइ-विकासप्रयासानां मन्दीकरणस्य इच्छा सूचिता अस्ति। एषः संकेतः तस्मिन् समये आगच्छति यदा एआइ-उद्योगः सुरक्षाचिन्तानां गम्भीरतापूर्वकं ग्रहीतुं वर्धमानस्य दबावस्य सामनां करोति।

नवाचारस्य सुरक्षायाश्च सन्तुलनस्य चुनौती अमेरिकादेशे प्रचलति वादविवादः मूलतः एआइ विकासं स्थगयितुं पूर्णतया अनियमितं त्यक्तुं च सन्तुलनं अन्वेषयति। नीतिनिमार्तारः प्रौद्योगिक्यां चीनविरुद्धं प्रतिस्पर्धात्मकं धारं निर्वाहयितुं द्वयचुनौत्यस्य सामनां कुर्वन्ति तथा च सुरक्षामानकानां स्थापनां कुर्वन्ति ये अत्यन्तं सक्षमानां एआइ-प्रणालीनां सम्भाव्यदुरुपयोगं वा अनियंत्रितव्यवहारं वा निवारयितुं शक्नुवन्ति। केचन विशेषज्ञाः तर्कयन्ति यत् एआइ सुरक्षा विकासप्रक्रियायां एव एकीकृता भवेत्, न तु परचिन्तनरूपेण प्रयुक्ता। प्रत्येकं चरणे सुरक्षापरिपाटनानां समावेशस्य उपरि बलं दत्तं भवति-आदर्शप्रशिक्षणात्, परीक्षणात्, परिनियोजनात् आरभ्य परिनियोजनोत्तरनिरीक्षणपर्यन्तं। नियमनस्य वर्धमाना भूमिका एआइ-क्षेत्रे यथा यथा स्पर्धा तीव्रा भवति तथा तथा अमेरिकी-सर्वकारस्य कृते नियमनस्य भूमिका अधिकाधिकं महत्त्वपूर्णा भवति।

### राशिफल

**मेष** : मन अशांत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृषभ** : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मिथुन** : मन अशांत रहेगा। पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में कठिनाई आ सकती है।

**कर्क** : मन परेशान होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**सिंह** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु आत्मसंयत रहें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कन्या** : मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**तुला** : मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** : वाणी में सौम्यता रहेगी, परंतु मन परेशान हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा।

**धनु** : मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** : मन प्रसन्न रहेगा, परंतु नकारात्मक विचारों से बचें। किसी नए कारोबार की शुरूआत हो सकती है।

**कुंभ** : मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। बातचीत में भी संतुलन बनाए रखें।

**मीन** : मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# मंगल और गुरु की महायुति से 3 राशि वालों का चमकेगा समय, मिलेगी सफलता और सपने होंगे पूरे

गुरु और मंगल की युति से इन 3 राशि वालों को मनचाहा लाभ मिल सकता है। जातकों को संतान और विवाह से जुड़ी बाधाओं से राहत मिल सकती है और निवेश से अच्छा लाभ प्राप्त होने के योग बन सकते हैं। इस दौरान करियर, कारोबार और आर्थिक मामलों में भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। मंगल ग्रह 18 सितंबर को कर्क राशि में गोचर कर लिया है। खास बात यह है कि, इस राशि में पहले से ही गुरु बृहस्पति विराजमान हैं। ज्योतिष शास्त्र में गुरु और मंगल के बीच गहरी मित्रता मानी जाती है। ऐसे में चंद्रमा की राशि कर्क में गुरु और मंगल की युति का संयोग कुछ राशि वालों के जीवन में





बड़ी सफलता लेकर आ सकता है। इस दौरान जातकों को अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने के लिए सही मार्गदर्शन मिलने के साथ व्यापार विस्तार और धन से जुड़े कई नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लंबे समय से अटके कामों में गति आने और योजनाओं को सफल बनाने के भी योग बन रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कौन-सी हैं ये भाग्यशाली राशियां।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों को कारोबार को आगे बढ़ाने के कई अच्छे मौके प्राप्त हो सकते हैं। आपको कार्यक्षेत्र और व्यापार में अच्छा लाभ मिलता दिख रहा है। पुराने निवेश से आर्थिक फायदा मिलने की संभावना है। लंबे समय से अटके कामों में भी गति आ सकती है और कोई महत्वपूर्ण योजना पूरी होने के योग बनेंगे। इस दौरान यात्रा का मौका मिल सकता है। आप तीर्थयात्रा का भी लाभ ले पाएंगे। इस दौरान आपकी नेतृत्व झमता निखरकर सामने आएगी। प्रभावशाली लोगों से संबंध बनाना आपके लिए लाभकारी रहेगा और उनके सहयोग से भविष्य में नए अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या राशि–** कन्या राशि वालों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। संतान की ओर से कोई बड़ी खुशखबरी मिलने से परिवार में प्रसन्नता का माहौल बनेगा। इस दौरान आप अपनी प्राथमिकताओं को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे और जरूरी कामों पर पूरा फोकस करने में सफल रहेंगे। उच्च पद बैठे लोगों से सराहना मिलेगी। परिवार से जुड़े किसी महत्वपूर्ण मामले में भी सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। आपकी मेहनत और सही निर्णय भविष्य में आपके लिए सफलता के नए रास्ते खोल सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आपको कामयाबी मिलेगी।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों के लिए यह समय खास और लाभकारी रहने वाला है। पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। मानसिक तनाव कम होने से आप अधिक सकारात्मक और आत्मविश्वासी महसूस करेंगे। इस दौरान आपके कुछ नए संपर्क बन सकते हैं, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। कारोबार और आर्थिक मामलों में नए अवसर मिलने के साथ किसी महत्वपूर्ण योजना पर आगे बढ़ने का मौका भी मिल सकता है।

### शूटिंग और टेकबॉल में मेडल इवेंट खेलेगा भारत, मेंस और विमेंस हॉकी टीम के भी मुकाबले

# एशियन गेम्स में आज 27 गोल्ड पर फैसला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एशियन गेम्स में आज 9 खेलों में 27 गोल्ड मेडल मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें सबसे ज्यादा स्विमिंग में 7 गोल्ड दांव पर होंगे। इसके अलावा टेकबॉल में 5 और कराटे में 4 गोल्ड का फैसला होगा। भारत के लिए शूटिंग, टेकबॉल और वुशु में मेडल जीतने का मौका है। इसके अलावा टीम इंडिया हॉकी, क्रिकेट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और वुशु में भी मुकाबले खेलेगी।

**वुशु फाइनल में सूरज 11वें स्थान पर–** भारत के सूरज सिंह मयांगलंबम ने एची-नागोया एशियन गेम्स के पुरुष वुशु फाइनल में 11वां स्थान हासिल किया। उन्होंने 9.683 अंक जुटाए। मुकाबला एची प्रीफेक्चरल मार्शल आर्ट्स हॉल में हुआ।

**21 खिलाड़ियों के फाइनल में 9.683 अंक–** सूरज को मूवमेंट की क्वालिटी के लिए 5.00 अंक मिले। डिफिकल्टी के लिए 2.00 अंक मिले। उनके प्रदर्शन में कोई डिडक्शन नहीं हुआ। ओवरऑल परफॉर्मेंस के लिए उन्हें 2.683 अंक मिले।

**मकाऊ के खिलाड़ियों ने गोल्ड-सिल्वर जीता–** मकाऊ के कुओंग ची हिन ने 9.723 अंक के साथ गोल्ड मेडल जीता। उनके हमवतन ची कुआन सॉन्ग ने 9.720 अंक के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया।

**90 सेकेंड में प्रदर्शन–** वुशु में खिलाड़ियों को करीब 90 सेकेंड में अपना प्रदर्शन पूरा करना होता है। इस इवेंट में तेज पंच, किक, जंप, स्पिन और अलग-अलग एक्रोबैटिक मूवमेंट शामिल होते हैं। खिलाड़ियों का मूल्यांकन मूवमेंट की क्वालिटी, डिफिकल्टी और ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर किया जाता है।

**हॉकी में दोनों भारतीय टीमें एक्शन में–** भारत की महिला हॉकी टीम सुबह 7:30 बजे उज्बेकिस्तान के खिलाफ पूल-इ का मुकाबला खेलेगी। इसके बाद पुरुष टीम सुबह 11:30 बजे इंडोनेशिया से खेलेगी। दोनों टीमों के लिए यह गेम्स का पहला मुकाबला होगा।

**टेबल टेनिस में भारत के 4 मुकाबले–** टेबल टेनिस में भारतीय महिला टीम सुबह 6:30 बजे इंडोनेशिया और दोपहर 12:30 बजे सिंगापुर से खेलेगी। पुरुष टीम सुबह 9 बजे इंडोनेशिया और दोपहर 3 बजे ईरान के खिलाफ उतरेगी। सभी मुकाबले ग्रुप-एफ में होंगे।





#### शूटिंग में एलावेनिल, सोनम और विदर्सा पर नजर

महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में भारत की एलावेनिल वालारिवन, सोनम मस्कर और विदर्सा के विनोद उतरेंगी। सुबह 9:45 बजे तीनों खिलाड़ी क्वालिफिकेशन में हिस्सा लेंगी। इसी के साथ टीम इवेंट का फाइनल भी होगा। इंडिविजुअल इवेंट का फाइनल दोपहर 2:30 बजे खेला जाएगा।

#### टेकबॉल में दो ब्रॉन्ज मेडल का मौका

महिला सिंगल्स के ब्रॉन्ज मेडल मैच में भारत की क्विमसी जोआकिम डिसूजा जापान की यूइना सकामोटो से खेलेंगी। मिक्स्ड डबल्स के ब्रॉन्ज मेडल मैच में क्विमसी और मोहम्मद अनस इमरान बेग की जोड़ी उतरेगी। वहीं वुशु में सुरज सिंह मायांगलंबम के पास मेडल जीतने का मौका रहेगा। वे सुबह 5:30 बजे पुरुष चांगक्वान के फाइनल में उतरेंगे। उनके अलावा महिलाओं के 52 किग्रा वर्ग में अपर्णा राउंड और पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग में विक्रांत बलियान राउंड ऑफ-16 खेलेंगे।

## 55 दिन बाद इंग्लैंड भारत को हटाकर टी-20 में नंबर-1

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड ने 55 दिन बाद भारत से टी20I की नंबर-1 रैंकिंग फिर छीन ली। इंग्लैंड ने मैनचेस्टर में श्रीलंका को तीसरे टी20I में 8 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की। श्रीलंका के 124 रन के जवाब में इंग्लैंड ने 9.4 ओवर में 2 विकेट पर 126 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने 62 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल किया। यह 120+ रन के लक्ष्य का सबसे तेज टी20I चेज है। इंग्लैंड ने 11 जुलाई को भारत को 4-0 से हराकर टी20I रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया था। भारत ने 26 जुलाई को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाकर यह स्थान वापस ले लिया था। अब 19 सितंबर को इंग्लैंड ने श्रीलंका को 3-0 से हराकर 55 दिन बाद नंबर-1 स्थान फिर हासिल कर लिया। इसके बाद बटलर और हैरी ब्रुक ने दूसरे विकेट के लिए 38 गेंदों पर 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने पावरप्ले में ही इंग्लैंड का स्कोर 82 रन तक पहुंचा दिया। ब्रुक 33 रन बनाकर रन आउट हुए। बटलर ने 32 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 193.75 रहा। बटलर ने छक्का लगाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई। यह टी20I में बटलर की 32वीं 50+ रन की पारी थी। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने टी20I में 31 बार 50+ रन बनाए हैं। इस लिस्ट में बाबर आजम 42 बार के साथ पहले, विराट कोहली 39 बार के साथ दूसरे और रोहित शर्मा 37 बार के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

## बांग्लादेश से पिछले 9 मैच नहीं हारा भारत

### एशियाड विमेंस क्रिकेट में आज सेमीफाइनल मुकाबला





ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

एशियन गेम्स में विमेंस क्रिकेट का सेमीफाइनल मैच आज भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। मुकाबला सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। टीम इंडिया आज जीती तो 22 सितंबर को गोल्ड मेडल मैच खेलेगी।

टी-20 इंटरनेशनल में 25 बार दोनों टीमों की भिड़ंत हुई है। इनमें भारत ने 22 मुकाबले जीते हैं। वहीं बांग्लादेश को सिर्फ 3 जीत मिली है। बांग्लादेश को भारत के खिलाफ आखिरी जीत जुलाई 2023 में मिली थी। इसके बाद टीम इंडिया ने लगातार 9 मुकाबलों में बांग्लादेश को हराया।

**शेफाली-चरणी इस साल भारत की टॉप प्लेयर्स–** शेफाली वर्मा ने इस साल भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 22 मैच में 158.18 की स्ट्राइक रेट से 715 रन बनाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में जापान के खिलाफ 15 गेंद में नाबाद 40 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में श्री चरणी टीम की टॉप विकेट टेकर रही हैं। उन्होंने 21 मैच में 5.92 की इकोनॉमी से रन देते हुए 43 विकेट लिए हैं। उन्होंने जापान के खिलाफ 4 ओवर में 10 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

**बांग्लादेश को सोभना मोस्तरी और मारुफा अक्तर से उम्मीदें–** बांग्लादेश की सोभना मोस्तरी ने इस साल 23 मैच में 568 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 59 रन रहा। गेंदबाजी में मारुफा अक्तर ने 20 मैच में 24 विकेट लिए हैं। उनकी इकोनॉमी 6.49 रही। उन्होंने पिछले 6 टी-20 में हर मैच में कम से कम एक विकेट निकालें हैं।

**बांग्लादेश के लिए डॉट बल्ला बना परेशानी–** बांग्लादेश की बल्लेबाजी में डॉट बॉल बड़ी परेशानी बनी हुई है। एशिया कप सेमीफाइनल में टीम ने भारत के खिलाफ 64 गेंद पर रन नहीं बनाए थे। यह मैच भारत ने 40 रन से जीता था।

## खबर एक नजर...

### ढाई माह बाद दमोह से पकड़ाया मोबाइल चुराने वाला

**उज्जैन।** ओवरनाइट एक्सप्रेस से 30 जून को शरद जाटवा का मोबाइल यात्रा के दौरान अकोदिया रेलवे स्टेशन से चोरी हो गया था। उज्जैन जीआरपी ने शिकायत दर्ज कर मोबाइल चुराने वाले की तलाश शुरू की थी। ढाई माह बाद लोकेशन के आधार पर दमोह स्थित पशु चिकित्साल के पीछे रहने वाले राजेन्द्र कुमार पिता शिवशंकर को पकड़ा गया। जिससे पूछताछ में मोबाइल चोरी का खुलासा हो गया। जीआरपी के अनुसार आरोपी से 15 हजार कीमत का मोबाइल बरामद कर उसका अपराधिक रिकार्ड खंगाला गया तो सामने आया कि उसके खिलाफ पूर्व में भी चोरी के कई मामले दर्ज है। ढाई माह बाद गिरफ्त में आये आरोपी को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### बाइक सवार को कुचलने वाले ट्रक चालक पर प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** पालखंदा टोलनाका उज्जैन-देवास हाइवे पर 11 अगस्त को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जितेन्द्र पिता भवंरसिंह राणावत 65 साल, तेजपाल पिता रतनसिंह चौहान 55 वर्ष और दिलीप पिता चिमनसिंह राजावत 60 साल निवासी ग्राम अगुरली देवास घायल हो गये थे। तीनों को उपचार के लिये देवास अस्पताल ले जाया गया था। जहां कुछ दिन बाद उपचार के दौरान जितेन्द्र राणावत की मौत हो गई थी। मामला नरवर थाना पुलिस ने जांच में लिया था। एक माह बाद बाइक को टक्कर मार जितेन्द्र राणावत को कुचलने वाला वाहन ट्रक होना सामने आया। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर बाइक सवार की जान लेने का मामला दर्ज किया है।

### उद्योगपुरी में कार-रिक्शा की भिड़ंत, 3 घायल

**उज्जैन।** मक्सीरोड उद्योगपुरी में शाम को कार और रिक्शा की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के बाद सफेद रंग की कार का चालक मौके से भाग निकला। रिक्शा में बैठे चेतन पिता राजेन्द्र टटावत 17 साल और अर्जुन पिता संतोष गायकवाड़ 21 साल निवासी दारू गोदाम अमर नगर के साथ राजकुमार गायकवाड़ घायल हो गये। तीनों को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। पंवासा थाना पुलिस ने मामले में कार चालक के खिलाफ राजकुमार पिता चंदू गायकवाड़ की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

### पशु हाट में भैंस खरीदने की बात पर भिड़े 2 पक्ष

**उज्जैन।** खाचरौद पशु हाट में इकबाल पिता मुबारिक खां भोपा कालोनी और सोहेल पिता सलीम मेव निवासी जूना शहर खाचरौद पहुंचे थे। जहां भैंस खरीदने की बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। गाली-गलौच से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों के साथियों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। विवाद के चलते पशु हाट में अफरा-तफरी मच गई थी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### गणगौर दरवाजा पर 2 पक्षों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** गणगौर दरवाजा क्षेत्र में मस्जिद के पास 2 पक्षों में शुक्रवार रात विवाद हो गया। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज किया है। एक पक्ष का युवक अस्पताल में भर्ती है। दूसरे का प्राथमिक उपचार कराया गया है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि आटो में बैठकर खाना खाने की बात पर विशाल पिता रामू मालवीय निवासी गणगौर दरवाजा और कार्तिक चौक के रहने वाले मोहम्मद अजहर पिता ताज मोहम्मद के बीच विवाद हो गया था। दोनों ने अपने भाईयों के साथ मिलकर एक-दूसरे के साथ मारपीट की। मामला थाने पहुंचने पर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। मोहम्मद अजहर का कहना था कि वह आटो चलता है। उसकी आटो में बैठकर रामू शराब पी रहा था। मना करने पर उसने भाई के साथ मिलकर मारपीट की। रामू का कहना था कि वह खाना खाकर रहा था। अजहर ने उतरने का बोला और कैंची से वार कर दिया। पुलिस के अनुसार दोनो पक्षों के बयान दर्ज किये गये है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जायेगें।

### मूकबधिर बालिका के 10 दिन बाद मिले परिजन



**उज्जैन।** रणथंभौर एक्सप्रेस में 8 सितंबर को मूक बधिर बालिका मिलने पर जीआरपी ने वन स्टॉप सेंटर की मदद से उसके परिजनों की तलाश शुरू की थी। 10 दिनों बाद पता चला कि परिजन उत्तरप्रदेश के बलिया में रहने वाले है। उन्होने बालिका की गुमशुदगी दर्ज कराई है। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि बालिका को ट्रेन में अकेला पाकर एक यात्री द्वारा सूचना दी गई थी। बालिका सिर्फ अपना नाम लिखकर बता पा रही थी, उसे घर का पता मालूम नहीं था। 10 दिनों तक बालिका को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया और परिजनों का पता लगाया गया। बालिका से उसकी भाषा में लगातार जानकारी ली जा रही थी। जिसके आधार पर उत्तरप्रदेश का पता चला था, वहां की पुलिस से संपर्क किया गया, उसके बाद बलिया से गुमशुदा होना सामने आई। परिजनों के आने पर उन्होने बताया कि राखी पर अचानक घर से निकल गई थी। वह बोल नहीं पाती है, सुनाई भी कम देता है। वह घर में रहती है। लेकिन रक्षाबंधन पर अचानक लापता हो गई थी। जीआरपी थाना प्रभारी के अनुसार बालिका के सुरक्षित मिलने और परिजनों के आने पर उसे उत्तरप्रदेश रवाना किया गया है।

---

महापौर प्रकरण को लेकर संघ में भाजपा से आंतरिक तौर पर नाराजगी की स्थिति

# संघ की सामाजिक समरसता पर भाजपा का कुठाराघात

## कुलीनों के कुल में कलह से मूल को पहुंच रही चोंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महापौर को वाहन से नीचे उतारने का घटनाक्रम चाहे भाजपा के कार्यक्रम में हुआ हो लेकिन इससे संघ में आंतरिक तौर पर नाराजगी है। इसे संघ की सामाजिक समरसता कार्यक्रम पर भाजपा का कुठाराघात के नजरिए से देखा जा रहा है। इससे कुलीनों के कुल में कलह से मूल को चोंट पहुंच रही है।

सामाजिक समरसता को लेकर संघ मुख्यालय से ही पूरा कार्यक्रम तय है जिसे लेकर संघ प्रमुख भी खुले मंचों से इसके लिए बोल चुके हैं। इसके लिए एक पूरी व्यूह रचना के आधार पर काम किया जा रहा है। जातिवाद को मिटाने के लिए यह कार्य संघ का समाज में बहुत ही पसंद भी किया जा रहा है और उसे समाज के सभी वर्गों का समर्थन भी मिल रहा है।

संघ वर्तमान में सामाजिक समरसता के तहत अनेक कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। शहर की बस्तियों में इसके लिए बराबर बस्ती प्रमुखों के साथ समयबद्ध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बस्तियों के लिए प्रमुख तय किए गए हैं और वे बराबर इस समरसता को बनाने के लिए अपने कार्य को घरों तक पहुंच कर अंजाम दे रहे हैं। इन कार्यों में संघ के कार्यकर्ता ऐसी बस्तियों में जा रहे हैं और सामाजिक समरसता की बयार लाने के लिए बराबर प्रयास कर रहे हैं। इसके तहत भोजन से लेकर बौद्धिक का आयोजन तक बस्तियों में हो रहा है।

**बैरवा समाज एकजुट-** महापौर अपमान मामले में बैरवा समाज एकजूट नजर आ रहा है। खास यह है कि 22 सितंबर को फूलडोल चल समारोह का आयोजन होने वाला है। शहर में इस पर्व पर समाज बडे जुलूस का आयोजन करता है। इस दौरान हजारों की संख्या में समाजजन जुटते हैं उससे पूर्व इस तरह का मामला होने की स्थिति में समाजजन वर्तमान में सभी 13 पंचायतों में अपने स्तर पर इसे लेकर उद्वेलित होते दिखाई दे रहे हैं। समाज के कई वरिष्ठ भी इस पूरे प्रकरण से नाराज हैं। संघ के सामाजिक समसरता कार्यक्रम के तहत बस्तियों से जुड़े लोगों एवं कार्यकर्ताओं में इसे लेकर सीधे तौर पर नाराजगी ही देखी जा रही है।

### भाजपा के कुठाराघात से नाराजगी

उज्जैन शहर में संघ बस्तियों में अपने सामाजिक समरसता के कार्यक्रम को बराबर गति दे रहा है। शहर की बस्तियों में ज्यादातर क्षेत्रों में अजा वर्ग की बस्तियों के बीच इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इससे उनमें विश्वास की एक नई उर्जा संचारित की जा रही है और जातिवाद से परे उन्हें अपने साथ शामिल किया जा रहा है। यही वजह है कि जातिवाद के मामलों में शहरी क्षेत्र में बराबर गिरावट बनती जा रही है। हाल ही में भाजपा में महापौर अपमान के मामले से बस्तियों में एक अविश्वास की स्थिति उपजी है। इससे बस्तियों में काम करने वाले संघ कार्यकर्ताओं के लिए भी परेशानी का सबब बनने की स्थिति में है। ऐसे में संघ कार्यकर्ताओं में नाराजगी बनी है लेकिन वे ये भी कहते हैं कि बस्तियों में हम सामाजिकता के एकीकरण का काम कर रहे हैं न कि इनकी राजनैतिक स्थितियों पर ऐसे में हमारा विश्वास खरा है। हम धरातल पर एक-एक व्यक्ति से संबंधों को जोड़ने में लगे हैं। वे ये जरूर मानते हैं कि इस प्रकरण का असर आ सकता है।

---

एम्बुलेंस चालक को बनाया शिकार, आरोपी ने 5 बार किया ट्रांजेक्शन

# धोखाधड़ी: मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 2 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

साइबर फ्रॉड करने वाले का नया तरीका लोगों पर भारी पड़ा रहा है। मोबाइल हैक होने के बाद खाते से लाखों का ट्रांजेक्शन होना सामने आ रहा है। नया मामला बागपुरा के एम्बुलेंस चालक का है। उसके खाते से 2.9 लाख का ट्रांजेक्शन होना सामने आये है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के बागपुरा में रहने वाला राजेश पिता बाबूलाल देवतवाल एम्बुलेंस चालक है। 12 सितंबर से 14 सितंबर के बीच उसका मोबाइल 2 से 3 बार हैक हुआ। इस दौरान उसके खाते से पांच बार 90 हजार,40 हजार, 20 हजार, 30 हजार और 29 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ। राजेश को ट्रांजेक्शन के बाद खाते से राशि निकलने का मैसेज मिला। उसने बैंक पहुंचकर जानकारी ली तो ऑनलाइन 2.9



लाख रुपए निकलने का पता चला। उसने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। हेल्पलाइन के माध्यम से उसकी कुछ राशि को होल्ड करा दिया। उसके बाद मामला माधवनगर थाना पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। बैंक से जानकारी मांगी गई है कि किस खाते में राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। जिसके माध्यम से आरोपी का पता लगाया जायेगा।

**3 माह में कई लोगों के मोबाइल हैक-** पिछले 3 माह में साइबर फ्रॉड का शिकार हुये लोगों के साथ एक जैसी वारदात होना सामने आई है। सभी का कहना था कि उनके मोबाइल हैक किये गये थे, उसके बाद ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर हजारों का ट्रांजेक्शन किया गया है। जुलाई माह से सितंबर माह के बीच जिले में पुलिस 30 के लगभग मामले साइबर फ्रॉड के दर्ज कर चुकी है। जिन लोगों ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत दर्ज कराई, उनकी राशि भी वापस खाते में ट्रांसफर कराने में पुलिस सफल रही है।

### बदमाश बदल चुके हैं फ्रॉड की तरीका

संचार क्रांति की शुरूआत के बाद डिजीटल ट्रांजेक्शन दौर शुरू होने के बाद साइबर फ्रॉड में शामिल बदमाशों द्वारा लोगों के साथ धोखाधड़ी की शुरूआत कर दी थी। पहले बैंक अधिकारी बनकर लोगों को ठगा जाता था। पुलिस ने शिकंजा कंसा तो डिजीटल अरेस्ट के रूप में ठगी की जाने लगी। पुलिस ने फ्रॉड करने वालों के तरीको का पता लगाकर जागरूकता अभियान की शुरूआत की और किसी को ओटीपी नहीं देने की जानकारी देना शुरू कर दिया। लोग जागरूक हुये तो फ्रॉड करने वालों ने तरीका बदल दिया। अब बिना ओटी मांगे, बिना लालच दिये, लिंक पर क्लिक करने जैसे हथकंडो को छोड़ सीधे मोबाइल हैक किये जा रहे है।

---

## संस्था खोलकर लाखों की धोखाधड़ी करने वालों को सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लाखों की धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को सात साल बाद न्यायालय ने 7 साल की सजा सुनाई है। दोनों ने विधाता साख सहकारिता मर्यादित संस्था खोलकर लोगों को जमा राशि दोगुना देने का लालच दिया था। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि अप्रैल 2019 में सावित्रीबाई, जगदीश पांचाल, गंगाबाई और अन्य लोगों ने नीलगंगा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि सनशाइन टॉवर में विधाता साख सहकारिता संस्था मर्यादित के अध्यक्ष आनंद सक्सेना और उपाध्यक्ष मोहम्मद खान ने 2018 में उन्हे लालच दिया था कि संस्था में राशि जमा करने पर कुछ साल बाद उन्हे दो गुना पैसा दिया जायेगा। लोगों ने हजारों-लाखों रुपए संस्था में जमा किये, लेकिन सालभर बाद ही संस्था के कर्ताधर्ता ताला लगाकर फरार हो गये। पुलिस ने मामले में संस्था अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ धारा 409, 420 भादवि का प्रकरण दर्ज किया और आनंद सक्सेना निवासी शास्त्री और मोहम्मद खान निवासी अवंतीपुरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सात साल चली सुनाई के बाद पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार शर्मा ने फैसला सुनाते हुये लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दोनों आरोपियों को सात साल की सजा से दंडित कर 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने प्रकरण में पैरवीकर्ता राजेंद्र सिंह चौहान और अजय कुमार पांडे अपर लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर दोनों के खिलाफ फैसला सुनाया।

---

पुलिस ने जप्त की बोलेरो, चालक पर कार्रवाई

# हूटर बजाकर चैकिंग पाइंट से गाड़ी निकलने का प्रयास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस चैकिंग के दौरान हूटर बजाकर निकलने का प्रयास कर रहे चालक को पुलिस ने रोक लिया। बोलेरो पर अनाधिकृत तरीके से हूटर लगाया गया था। बोलेरो को जप्त कर चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट अधिनिमय की कार्रवाई की गई है।

जिले में एसपी के निर्देश पर प्रतिदिन वाहनों की चैकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार रात महिदुपर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार टीम के साथ कस्बे में वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान बोलेरो क्रमांक एमपी 09 सीए 9491 के चालक द्वारा हूटर बजाकर चैकिंग पाइंट से निकलने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने बोलेरो को रोका, चालक हर्षवर्धन पिता प्रकाशचंद निवासी स्नेहसिटी महिदपुर द्वारा रोब दिखाने का प्रयास किया। पुलिस ने हूटर संबंधित जानकारी मांगी, जो अनाधिकृत तरीके से लगा होना सामने आया। पुलिस ने बोलेरो को जप्त किया और मामले में मोटर व्हीकल एक्ट



की धारा 185, 185 (4), 3/181 का इस्तगासा तैयार किया। थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि चालक नशे की हालत में था, उसे मेडिकल परीक्षण के लिये शासकीय अस्पताल भेजा गया, जहां उसके द्वारा शराब का सेवन किया जाना सामने आने पर चालक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि बोलेरो चालक शराब पीने का आदी है, वह अपने वाहन पर हूटर लगाकर लोगों पर रौब जमाता रहा है।

---

# मैंने कोई मांग या कोई धरना देने का आह्वान नहीं किया : महापौर

## अपमान प्रकरण सियासत की बारिश से ठंडा पड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भाजपा के सुप्रीमो के आगमन के दौरान रथ से महापौर मुकेश टटवाल को नीचे उतारने का मामला दूसरे दिन सियासत की बरसात से ठंडा पड़ गया है। महापौर ने अपना बयान जारी कर कहा कि मैंने कोई मांग या कोई धरना देने का आह्वान नहीं किया था।

शनिवार देर शाम महापौर ने वीडियो जारी कर कहा कि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल जी, हमारे नगर के अध्यक्ष सुरेन्द्र जी, हमारे पूर्व महापौर आदरणीय मदनलाल जी, पूर्व महापौर आदरणीय श्रीमती मीना जी, इन सभी के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी से सभी की बातचीत हुई है। जो विगत दिनों जो घटनाक्रम हुआ था उसके विस्तार से जानकारी दी और उन्होंने उस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। मैं सभी समाज बंधुओं को, सभी लोगों को धन्यवाद देता हूँ कि जिन्होंने इस समय में मुझे संबल देने का कार्य किया है।



और मैंने भी कहा था। मैंने मेरी तरफ से कोई मांग या कोई धरना देने का आह्वान नहीं किया था। मैंने केवल यही बात की थी कि मैं बाबा साहब को नमन करके उनसे शक्ति मांग करूंगा, कि वो हमको सहन करने की और कार्य करने की शक्ति प्रदान करें। माननीय सभी हमारे प्रदेश के, हमारे सभी जिन लोगों ने मुझसे चर्चा की, हमारे प्रभारी मंत्री और सभी हमारे वरिष्ठ नेतागण, सभी समाज के हमारे साथी, नगरवासी सभी के प्रति मैं धन्यवाद देता हूँ।

---

नेत्रदान का संकल्प हुआ साकार

# मृत्यु के बाद भी दो जीवन में रोशनी भर गए मनोहरलाल नाहर

## गुदरी चौराहा व्यापारी एसोसिएशन ने परिजनों का किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानवता की मिसाल पेश करते हुए समाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय श्री मनोहरलाल नाहर का मृत्यु उपरांत नेत्रदान का संकल्प साकार हुआ। उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीन लोगों के जीवन में रोशनी आने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उनके इस पुनीत और प्रेरणादायी कार्य को नमन करते हुए गुदरी चौराहा व्यापारी एसोसिएशन, उज्जैन की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित कर उनके परिवारजनों का सम्मान किया गया।

समारोह में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्व. नाहर के परिजनों को शॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यापारियों और नागरिकों ने स्व. नाहर के नेत्रदान के निर्णय को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उन्होंने जाते-जाते भी दो लोगों के जीवन में उजाला पहुंचाने का पुण्य कार्य किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि नेत्रदान से बड़ा कोई दान नहीं है। मृत्यु के बाद शरीर के अंग किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद जगा सकते हैं। स्व. मनोहर लाल जी नाहर ने नेत्रदान का संकल्प लेकर समाज के सामने मानवता और सेवा की मिसाल प्रस्तुत की है। उनके इस कार्य से अन्य लोगों को भी नेत्रदान और देहदान के




लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर गुदरी चौराहा व्यापारी एसोसिएशन की ओर से यह भी संकल्प लिया गया कि भविष्य में जो भी व्यक्ति देहदान का संकल्प करेगा, एसोसिएशन उसका सम्मान करेगी और समाज में देहदान एवं नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करेगी। पदाधिकारियों ने कहा कि लोगों को मृत्यु के बाद भी समाज के लिए कुछ करने की भावना के प्रति जागरूक किया जाएगा। समारोह में एसोसिएशन के कप्तान बोबल, विकास खंडेलवाल, अनिल चौरसिया, श्याम गुप्ता क्राउन, राजेश सोनी, सूर्यप्रकाश नागर, पंकज जैन, नगीन जैन, अशोक जैन, मनोज जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नेत्रदान और देहदान के प्रति जागरूकता फैलाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। यह जानकारी एसोसिएशन के विकास खंडेलवाल ने दी।

---

## अनुपस्थित डॉक्टर व स्टाफ का वेतन काटने के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्रीय संचालक डॉ. दीपक पिप्पल ने बड़नगर विकासखंड के इंगोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और गैरहाजिर मिले चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। हेल्थ सुपरवाइजर एमआर मंसूरी के अनुसार डॉ. पिप्पल ने अस्पताल के वार्डों और विभिन्न यूनिटों का निरीक्षण कर मरीजों और परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर समय पर जांच करने, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत निगरानी करने और अनमोल पोर्टल पर सभी एंट्री पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को समय पर मिले। सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ तय समय-सीमा में निराकरण किया जाए। लापरवाही बरतने वालों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. विजेंद्र सिंह अजनार, हेल्थ सुपरवाइजर एमआर मंसूरी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी विजय गोठवाल, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक किरण मंडलोई, स्टेनोग्राफर रविकांत शर्मा सहित स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com